卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 224 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦25 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in


### रुद्रपुर में तीसरे दिन भी डेरा जमाए रही आयकर विभाग की टीम

# गावा की कोठी में शुरू हुई छानबीन

**सौरभ गावा के भाई नितिन गावा के लौटने पर एलायंस कालोनी में खोली गयी कोठी की सील, अधिकारी जांच में जुटे, बाहर व्यापारियों की लगी रही भीड़**

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। आयकर विभाग की टीम शनिवार को तीसरे दिन भी शहर में डेरा जमाए रही। फर्नीचर व्यवसायी गुलशन नारंग, उनके पुत्र रौनिक नारंग और पार्टनर सौरभ गावा के पत्नी की मौजूदगी में घर के दोनों गेटों की सील खोलने के बाद आयकर विभाग की टीम घर में दाखिल हुई। बता दें बृहस्पतिवार को लखनऊ से आयी आयकर विभाग की टीम ने व्यवसायी कारण टीम ने मकान को सील कर दिया था। सौरभ गावा परिवार सहित मेहंदीपुर सहित अन्य धार्मिक स्थलों की यात्रा के लिए गये थे। बृहस्पतिवार सुबह से ही आयकर विभाग की अलग अलग टीमें में नारंग फर्नीचर पर जांच पूरी करते हुए टीम ने प्रतिष्ठान स्वामी गुलशन नारंग को छोड़ दिया था, जिसके बाद गुलशन नारंग दुकान बंद कर सिविल लाईन स्थित घर चले गये। उनके निवास पर भाई नितिन गावा शनिवार सुबह वापस लौट आये। सुबह करीब सवा दस बजे सौरभ के भाई नितिन गावा और नितिन की पत्नी सोनालिका अपनी बेटी के साथ एलायंस कालोनी स्थित घर पर एलांयस कालोनी पहुंचे। उन्होंने नितिन गावा और उनकी पत्नी के समक्ष पुलिस की मौजूदगी में कोठी के दोनों गेटों की सील खुलवाई और नितिन एवं उनकी पत्नी के साथ घर के भीतर प्रवेश किया।






घर और प्रतिष्ठानों पर टीम तीसरे दिन भी छानबीन करती रही। शनिवार को सौरभ गावा के भाई नितिन गावा के शहर में वापस लौटने पर टीम ने उनके एलायंस कालोनी स्थित आवास पर छानबीन शुरू की। परिवार के बाहर होने के कारण इस मकान को सील कर दिया गया था। आज नितिन गावा और उनकी गुलशन नारंग के गल्ला मण्डी स्थित प्रतिष्ठान नारंग फर्नीचर, सिविल लाईन स्थित घर और उनके पुत्र रौनिक नारंग और पार्टनर सौरभ गावा के प्रतिष्ठान विनायक प्लाई के अलावा, सौरभ गावा के एलायंस कालोनी स्थित घर पर एक साथ छापेमारी की थी। इस दौरान सौरभ गावा के घर पर कोई नहीं मिला था जिस नारंग के गल्ला मण्डी स्थित प्रतिष्ठान नारंग फर्नीचर मार्ट, उनके सिविल लाईन स्थित आवास और मॉडल कालोनी स्थित विनायक प्लाई के कारपोरेट आफिस में छानबीन कर रही थी। जबकि यूपी में भी कुछ स्थानों पर विनायक प्लाई के कार्यालयों में छापेमारी की गयी। शुक्रवार शाम को गल्ला मण्डी टीम शनिवार को भी डेरा जमाए हुए रही। बताया जाता है कि टीम को गुलशन नारंग के पुत्र विकास नारंग और रौनिक नारंग के पार्टनर सौरभ गावा के लौटने का इंतजार है। विकास नारंग का फोन अभी भी बंद जा रहा है। दूसरी तरफ एलायंस कालोनी निवासी सौरभ अभी तीर्थ से नहीं लौटे हैं। लेकिन उनके पहुंचे। यहां पर पुलिस तैनात थी और व्यापारियों का जमावड़ा लगा था। इस दौरान विधायक शिव अरोरा भी मौके पर पहुंचे। विधायक ने कुछ देर नितिन गावा से अकेले में बात की और उन्हें ढांढस बंधाया। नितिन गावा के घर लौटने की जानकारी मिलने के बाद आयकर विभाग के अधिकारी दो वाहनों में इस दौरान व्यापारियों को बाहर ही रोक दिया गया। सील खोलने के बाद अधिकारी घर के भीतर नितिन और उनकी पत्नी से पूछताछ करते रहे। समाचार लिखे जाने तक आयकर विभाग की टीम घर के अंदर छानबीन में जुटी थी। वहीं घर के बाहर व्यापार मंडल कोषाध्यक्ष संदीप (शेष पृष्ठ सात पर)

## छेड़छाड़ और सुसाईड प्रकरण को लेकर कोतवाल से मिले विधायक

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस आदर्श कॉलोनी घासमंडी मे एक नाबालिक युवती से घर में घुसकर छेड़छाड़ करने के आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई कराने के लिए विधायक शिव अरोरा ने स्थानीय लोगों के साथ कोतवाल धीरेन्द्र कुमार से मुलाकात कर परिजनों की ओर से तहरीर सौंपी। पीड़िता के पिता ने बताया कि पड़ोसी युवक द्वारा नाबालिक से छेड़छाड़ की गयी ओर उसके बाद युवती की माता को धमकाते हुए मामला निपटाने का दबाब बनाया गया जिसके चलते किशारी की माँ ने परेशान होकर गत दिवस फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि छेड़छाड़ करने वाले युवक ने ही उसकी पत्नी की हत्या कर



शव फांसी पर लटकाया है। घटना से लोग अक्रोशित हो गये। विधायक शिव अरोरा ने कोतवाल को इस पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये तो पुलिस ने विधायक के हस्तक्षेप के बाद कार्यवाही करते हुए शुरूवाती जांच मे दो लोगों को पूछताछ के लिए अपनी हिरासत में ले लिया है। विधायक अरोरा ने कहा यह मामला बेहद गंभीर है पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाएंगे। साथ ही ऐसी घटना की पुर्नरावृति न हो इसके लिए कठोर कार्यवाही हो ऐसा पुलिस को निर्देशित कर दिया है। इस दौरान निवर्तमान मेयर रामपाल, आदर्श कॉलोनी चौकी इंचार्ज विजय सिंह, रंजीत सागर, अशोक कुमार, महेंद्र आर्य व अन्य लोग मौजूद रहे।

## विधि विधान से खुले हेमकुंठ साहिब के कपाट

जोशीमठ (उद संवाददाता)। हेम कुंड साहिब के कपाट शनिवार को विधि विधान से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। शुक्रवार को गोविंदघाट गुरुद्वारे से पंज प्यारों की अगुवाई और सिख रेजिमेंट की बैंड की धुनों के साथ करीब 2000 श्रद्धालु यात्रा के प्रमुख पड़ाव घांघरिया के लिए रवाना हुए थे। गुरुद्वारे के वरिष्ठ प्रबंधक सरदार सेवा सिंह और बीकेटीसी के उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने जत्थे को रवाना किया था, जो अपराह्न तीन बजे घांघरिया पहुंचा था। इसके बाद 25 मई को सुबह साढ़े नौ बजे हेमकुंड साहिब के कपाट विधि-विधान से खोल दिए गए। शुक्रवार को सुबह छह बजे से गोविंदघाट गुरुद्वारे में गुरुवाणी का पाठ, अरदास, सबद कीर्तन और अखंड पाठ का



आयोजन हुआ। इसके बाद सुबह 8 बजे गुरुद्वारे से पंचप्यारों की अगुवाई में श्रद्धालुओं का जत्था घांघरिया के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर उत्साह देखने को मिला। गोविंदघाट गुरुद्वारे के प्रबंधक सरदार सेवा सिंह ने बताया,शनिवार को घांघरिया से सुबह करीब नौ बजे श्रद्धालुओं का जत्था हेमकुंड साहिब पहुंचा। उसके बाद सुबह साढ़े नौ बजे कपाट खोल दिए गए।

# तो ‘खत्म’ हो चुका है ‘व्यापार मंडल’ का इकबाल ?

**प्रदर्शन की रस्म अदायगी के बाद व्यापारियों को आई बलवंत अरोरा की याद, प्रतीकात्मक एवं प्रभावहीन विरोध प्रदर्शन के सहारे व्यापारी हितों की रक्षा मुश्किल**

**-अर्श-**

रूद्रपुर। शहर के एक प्रतिष्ठित व्यवसाई के आवास एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर गुरुवार के रोज से चल रही आयकर विभाग की कार्यवाही के विरोध में व्यापार मंडल का विरोध प्रदर्शन प्रतीकात्मक एवं प्रभावहीन बनकर रह जाने के बाद, अब शहर के व्यापारियों को व्यापार मंडल के उस दौर की याद आने लगी है जब रुद्रपुर शहर में व्यापार मंडल की तूती बोला करती थी तथा व्यापार मंडल की आंखें तिरछी होने मात्र से स्थानीय प्रशासन के हाथ पांव फूल जाया करते थे ।देखने में आया है कि रुद्रपुर में सक्रिय व्यापार मंडल के दोनों धड़ों का इकबाल शहर में आहिस्ता-आहिस्ता समाप्त होता जा रहा है और शासन-प्रशासन के नुमाईंदे शहर के व्यापारियों के उत्पीड़न की अब हिम्मत जुटाने लगा है। हैरत की बात तो यह है कि व्यापारियों के उत्पीड़न की ऐसी कोशिशो के प्रतिकार स्वरूप व्यापार मंडल द्वारा किया जाने वाला विरोध प्रदर्शन भी महज प्रतीकात्मक एवं रस्म अदायगी तक सीमित होता जा रहा है। अन्यथा, रुद्रपुर शहर ने व्यापार मंडल के दबदबे का वह दौर भी देखा है, जब व्यापार मंडल के अध्यक्ष बलवंत अरोरा बल्लु हुआ करते



थे और तब सरकारी विभागो की ऐसी कार्यवाही, जिसे सर्च एवं सीजर की सामान्य प्रक्रिया निरूपित कर मामूली बताने का प्रयास किया जा रहा है ,पर व्यापार मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में शहर के व्यापारी अधिकारियों को घेर लिया करते थे और व्यापारी उत्पीड़न का पुरजोर मुखालफत करते हुए मरने- मारने पर उतारू हो जाते थे। किसी भी अधिकारी, चाहे वह आयकर ,बिक्री कर, वाणिज्य कर ,विद्युत विभाग स्थानीय प्रशासन नगर निगम अथवा पुलिस विभाग आदि से संबंधित क्यों ना हो, की ऐसी मजाल नहीं थी कि वह शहर के व्यापारियों के उत्पीड़न की हिम्मत कर पाता। उस समय व्यापारियों की एकता के दबदबे का आलम यह था कि व्यापारियों के श्बंदश की एक कॉल पर जिला प्रशासन की घिग्घी बंध जाती थी। पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष बलवंत अरोरा के दौर में नगर में व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए ऐसे कई आंदोलन-प्रदर्शन हुए जिसने शासन- प्रशासन को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। उस वक्त की खास बात यह थी कि तब नगर के व्यापारी सार्वजनिक हित के लिए अपने राजनीतिक स्वार्थ को दरकिनार कर दिया करते थे। कालांतर में शहर के व्यापार जगत को दलगत राजनीति ने अपनी आगोश में ले लिया। परिणाम स्वरूप नगर के व्यापारी अपनी- अपनी राजनीतिक विचारधारा के अनुसार लामबंद होने लगे और व्यापार जगत की सामूहिक ताकत (शेष पृष्ठ सात पर)

## देहरादून में पैसेफिक गोल्फ अपार्टमेंट में फ्लैट की बालकनी से कूदकर बिल्डर बाबा साहनी ने दी जान

# बिल्डर बाबा साहनी सुसाईड केस में गुप्ता ब्रदर्स गिरफ्तार

## पुलिस को सतेंद्र सिंह साहनी की जेब से मिला पीएम और सीएम के नाम लिखा दो पन्नों का सुसाईड नोट

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड में राजधानी देहरादून के एक प्रतिष्ठत बिल्डर की संदिग्ध पारस्थियों में शुक्रवार को पेसिफिक हिल्स के पास एक निर्माणाधीन बिल्डिंग के आठवें फ्लोर से गिरने से मौत हुई है। पीएम-सीएम के नाम लिखा दो पन्नों का सुसाइड नोट मिलने पर पुलिस ने तेजी से कार्रवाई शुरू की। बिल्डर सुसाइड मामले में दक्षिण अफरीका के उद्योगपति गुप्ता बंधु को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उत्तराखंड पुलिस ने इस हाईप्रोफाईल सुसाईड केस में उद्योगपति अनिल गुप्ता और अजय गुप्ता के खिलाफ नामजद मुकदमे के बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। गुप्ता बंधुओं पर आरोप था कि इन्होंने पहले साहनी के साथ पार्टनरशिप की और अब धमकी दे रहे थे। बताया जा रहा है कि साहनी के कई प्रोजेक्ट रुक गये थे। इससे उनके पार्टनर्स में भी विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि कारोबार में पार्टनरशिप के विवाद में शहर के नामी बिल्डर सतेंद्र सिंह साहनी उर्फ बाबा साहनी ने अपनी विवाहित बेटी के सहस्रधारा रोड पर पैसेफिक गोल्फ अपार्टमेंट में आठवीं मंजिल पर स्थित फ्लैट की बालकनी से कूदकर आत्महत्या कर ली। नीचे गिरकर लहूलुहान हुए साहनी को गंभीर स्थिति में मैक्स अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी जेब से मिले सुसाइड नोट व उनके बेटे के बयान के आधार पर पुलिस ने सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) के निवासी चर्चित अजय कुमार गुप्ता व उनके बहनोई अनिल गुप्ता (गुप्ता बंधु) के विरुद्ध आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर लिया। त्वरित कार्रवाई करते हुए राजपुर थाना पुलिस ने दोनों आरोपितों को उनके देहरादून के कर्जन रोड स्थित आवास से हिरासत में ले लिया। लंबी पूछताछ के बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। साहनी इंफ्रास्ट्रक्चर व साहनी इंफ्रा के मालिक रेसकोर्स निवासी बिल्डर सतेंद्र सिंह साहनी वर्तमान में सहस्रधारा हेलीपैड के निकट और राजपुर रोड पर अम्मा कैफे के पास दो आवासीय परियोजनाओं का निर्माण करा रहे थे। इसमें उनके दो पार्टनर थे। परियोजना का बजट काफी अधिक होने के कारण सतेंद्र साहनी ने अपने परिचित भाजपा नेता बलजीत सोनी से संपर्क कर उनकी परियोजना के लिए



किसी बड़े फाइनेंसर की तलाश करने को कहा। बलजीत सोनी ने उनकी मुलाकात सहारनपुर के चर्चित कारोबारी अनिल गुप्ता से कराई। चूंकि गुप्ता बंधु पूर्व में काफी विवादों में रह चुके हैं, ऐसे में सतेंद्र सिंह साहनी ने शर्त रखी कि परियोजना में रकम लगाने के बावजूद वह न तो निर्माण साइट पर आएंगे और न ही अपना नाम परियोजना की पार्टनरशिप में सार्वजनिक करेंगे। दोनों में इसका लिखित समझौता हो गया। परियोजना पर आरोपितों ने कुल लागत की 85 प्रतिशत धनराशि लगा दी। आरोप है कि इसके बाद समझौते का उल्लंघन करते हुए अजय कुमार गुप्ता ने परियोजना के कार्यों में हस्तक्षेप कर साइट पर आना-जाना शुरू कर दिया। उन्होंने साइट पर अपना प्रतिनिधि भी नियुक्त कर दिया। आरोप है कि इसके बाद आरोपितों ने बिल्डर साहनी व उनके दो अन्य पार्टनर पर परियोजना उनके नाम पर करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। जिसके बाद दोनों अन्य पार्टनरों ने परियोजना से हाथ खींच लिए। आरोप है कि गुप्ता बंधुओं की धमकी से परेशान बिल्डर सतेंद्र साहनी शुक्रवार की सुबह रेसकोर्स स्थित आवास से किसी को बिना कुछ बताए चले गए और अपनी बेटी के पैसेफिक गोल्फ अपार्टमेंट की आठवीं मंजिल पर स्थित फ्लैट में पहुंचे। कुछ देर बेटी से बातचीत की और इसके बाद साहनी बालकनी में खड़े हो गए। इससे पहले बेटी कुछ समझ पाती, साहनी ने छलांग लगा दी। पिता को नीचे गिरा देख बेटी वहां पहुंची और अन्य लोगों व सुरक्षाकर्मियों की मदद से उन्हें मैक्स अस्पताल ले गई, लेकिन चिकित्सकों ने साहनी को मृत घोषित कर दिया। बेटे की तहरीर पर मुकदमा दर्ज पुलिस को दी गई तहरीर में सतेंद्र सिंह साहनी के बेटे रणबीर सिंह साहनी ने बताया कि उनके पिता को अनिल गुप्ता व अजय कुमार गुप्ता लगातार ब्लैकमेल कर रहे थे। इस संबंध में उन्होंने 16 मई को पुलिस में शिकायत भी दी थी। अनिल गुप्ता व अजय कुमार गुप्ता उनके पिता पर दोनों परियोजनाएं उनके नाम करने का दबाव डाल रहे थे। आरोपितों ने परेशान करने के लिए सहारनपुर में उनके पिता के खिलाफ झूठी शिकायत भी दी थी, जिसमें सहारनपुर पुलिस लगातार उनके पिता को पूछताछ के लिए बुला रही थी। शुक्रवार को भी सहारनपुर पुलिस ने सतेंद्र साहनी को पेश होने के लिए बुलाया था, जिस कारण वह काफी घबराए हुए थे। आरोप है कि इसी कारण उन्होंने आत्महत्या कर ली। बिल्डर सतेंद्र सिंह साहनी ने आत्महत्या से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित अंग्रेजी में दो पेज का सुसाइड नोट लिखा। जिसमें उन्होंने आरोपितों से परियोजना को लेकर हुई डीलिंग और फिर विवाद का जिक्र किया है। नोट के अंत में उन्होंने अपने परिवार की सुरक्षा की अपील भी की है।

## दक्षिण अफ्रीका में बिजनेस मैन गुप्ता बंधुओं ने खड़ा कर दिया था अपना अरबों का साम्राज्य

देहरादून। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति जैकब जुमा को अर्श से फर्श पर लाने वाले और अपने कारनामों से दक्षिण अफ्रीका में बदनाम हो चुके गुप्ता बंधुओं को देहरादून पुलिस दून के नामी बिल्डर सतेंद्र सिंह साहनी के सुसाइड मामले में अरेस्ट कर चुकी है। गुप्ता बंधु अजय गुप्ता, अतुल गुप्ता और राजेश गुप्ता उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से ताल्लुक रखते हैं। तीनों भाई 1998 में दक्षिण अफ्रीका गए थे। जिसके बाद तीनों ने वहां जाकर बेहिसाब संपत्ति कमाई और दुनिया के बड़े ताकतवर लोगों में शामिल हो गए। तीनों का अफ्रीका में अरबों का साम्राज्य खड़ा करना किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। गुप्ता बंधुओं के पिता शिवकुमार गुप्ता सहारनपुर में राशन की दुकान चलाया करते थे। तीनों भाईयों का बचपन सहारनपुर में हुई बीता है। तीनों भाई बचपन से ही पढ़ाई में काफी तेज थे। अतुल गुप्ता को उनके पिता ने 1985 में पढ़ाई के लिए दिल्ली भेज दिया। पढ़ाई के बाद दिल्ली ने कुछ दिन तक हयात होटल में नौकरी की। जिसके बाद वो वहीं से साउथ अफ्रीका रवाना हो गए। अतुल ने अफ्रीका में छोटा सा बिजनेस शुरू किया। देखते ही देखते अतुल के कारोबार ने रफ्तार पकड़ ली। जिसके बाद अतुल ने अपने दोनों भाई अजय और राजेश को भी साउथ अफ्रीका बुला लिया। अतुल ने साल 1993 में अफ्रीका में सहारा कम्प्यूटर्स की शुरुआत की। कुछ ही सालों में तीनों भाईयों की मेहनत रंग लाई और पूरे दक्षिण अफ्रीका में गुप्ता बंधुओं की नंबर वन कंपनी बन गई। कंप्यूटर कारोबार के बाद तीनों भाईओं ने कोल और गोल्ड माइनिंग में भी हाथ आजमाया। इसके अलावा गुप्ता बंधुओं ने मीडिया क्षेत्र में भी आगे आए और दक्षिण अफ्रीका में न्यूज एज नाम से अखबार शुरू किया। देखते ही देखते तीनों दक्षिण अफ्रीका में कई न्यूज चैनलों के मालिक बन गए। 2016 तक गुप्ता बंधू साउथ अफ्रीका में बड़ा साम्राज्य खड़ा कर चुके थे। लेकिन 2016 में गुप्ता बंधुओं के बुरे दिन शुरू हो गए। तत्कालीन उप वित्त मंत्री मसोबिसि जोनास ने गुप्ता बंधुओं पर आरोप लगाया कि उन्हें वित्त मंत्री बनवाने का वादा किया था। इसके



बाद गुप्ता बंधुओं पर आरोप लगा कि उन्होंने जैकब जुमा के साथ संबंधों का इस्तेमाल कर न सिर्फ गलत तरीके से कारोबार को बढ़ाया, बल्कि राजनीति में भी दखल देने लगे थे। विवाद इतना बढ़ गया कि दक्षिण अफ्रीका में लोकप्रिय रहे पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा को इन भाइयों की वजह से अपनी कुर्सी गंवानी पड़ गई। इसके बाद गुप्ता बंधुओं पर सरकारी जांच का शिकंजा कसता चला गया।

# केदारनाथ धाम में रील बनाना पड़ा भारी, 84 लोगों के काटे चालान

रूद्रप्रयाग। भगवान आशुतोष के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में एक केदारनाधा में कपाटोद्घाटन के बाद सिर्फ 14 दिनों में ही दर्शनार्थियों की संख्या 4 लाख के पार हो गई है। केदारनाथ धाम में रील बनाने पर प्रतिबन्ध होने के बाद भी कुछ लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। मंन्दिर परिसर में रील बनाने वाले दर्जनों लोगों के खिलाफ पुलिस ने चालानी कार्यवाही की है। केदारनाथ धाम परिसर में रील्स बनाने वालों और धाम क्षेत्र में नशा करने वालों पर रुद्रप्रयाग पुलिस की कार्यवाही निरन्तर जारी है। इसी क्रम ने पुलिस ने केदारनाथ मन्दिर की 50 मीटर की परिधि में वीडियो ग्राफी और सोशल मीडिया पर रील बनाने वाले 84 व्यक्तियों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की है। इसके अलावा रुद्रप्रयाग पुलिस ऑपरेशन मर्यादा के तहत भी प्रदेशभर में अभियान चलाये हुए है। पुलिस ने धाम क्षेत्र में नशा कर हुड़दंग मचाने वाले 59 लोगों के खिलाफ चालानी कार्यवाही की है। पुलिस द्वारा दी जानकारी के मुताबिक केदारनाथ धाम में कुल 143 व्यक्तियों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही कर 30 हजार का जुर्माना) वसूला गया है। बृहस्पतिवार को धाम में कुल 32652 शिव भक्तों ने गर्भगृह से बाबा केदार के दर्शन किए। वहीं, कपाट खुलने के बाद से अभी तक

## पूजा पाठ के लिए 23 घंटे तक खुल रहा केदारनाथ मंदिर दिनभर धाम में उमड़ी रही है तीर्थयात्रियों की भारी भीड़



दर्शनार्थियों की कुल संख्या 424224 पहुंच गई है। इधर सोनप्रयाग से 18774 श्रद्धालु पैदल मार्ग से धाम के लिए रवाना हुए। जबकि दर्शन कर 13 हजार से अधिक श्रद्धालु वापस लौटे। पंच केदार में प्रमुख केदारनाथ धाम में इस वर्ष श्रद्धा, भक्ति का उल्लास अपने चरम पर है। कपाट खुलने के दिन से धाम में भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीते 17 से 23 मई तक सात दिनों में ही धाम में रिकार्ड 2 लाख 40 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंच चुके हैं, जो नया रिकार्ड है। इससे पहले वर्ष 2019 में जून महीने में पांच दिन तक प्रतिदिन दर्शनार्थियों की संख्या 30 हजार तक बनी थी। वहीं, वर्ष 2022 और 2023 में पूरे यात्राकाल में रिकार्ड दर्शनार्थियों की संख्या के बावजूद प्रतिदिन दर्शन करने वालों की संख्या 16 से 18 हजार के बीच बनी रही। लेकिन, इस बार, केदारनाथ में उमड़ रही भीड़ से कई रिकार्ड बना रही है। कपाटोद्घाटन पर जहां 29030 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए थे, जो यात्रा के इतिहास में नई शुरूआत थी। बीकेटीसी के सीईओ योगेंद्र सिंह का कहना है कि इस वर्ष केदारनाथ में श्रद्धालुओं की भीड़ अप्रत्याशित है। सिर्फ 14 दिन में दर्शनार्थियों की संख्या 4 लाख 24 हजार 242 पहुंच चुकी है। यही स्थिति रही तो इस माह के आखिर तक दर्शनार्थियों का आंकड़ा आठ लाख से अधिक पहुंचने की उम्मीद है। श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के सीईओ योगेंद्र सिंह ने बताया कि केदारनाथ में उमड़ रही भक्तों की भीड़ को देखते हुए मंदिर को 23 घंटे तक खुला रखा जा रहा है। सुबह 4 बजे कपाट खोले जा रहे हैं। पूजा-अर्चना व अन्य धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के बाद सुबह 5 बजे से धर्म दर्शन शुरू हो रहे हैं। अपराह्न 3 बजे बाबा केदार को बाल भोग लगाया जा रहा है, जिस कारण आधा घंटे मंदिर को बंद किया जा रहा है। गर्भगृह की साफ- सफाई के बाद 3.30 बजे मंदिर में पुनः भक्तों को धर्म दर्शन कराए जा रहे हैं जो सांय 7 बजे तक हो रहे हैं। इसके बाद बाबा केदार की सायंकालीन आरती हो रही है और 7.30 बजे से श्रृंगार दर्शन शुरू हो रहे हैं, जो रात्रि 11 बजे तक हो रहे हैं। इसके बाद, मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना व पाठ किए जा रहे हैं, जिसमें भक्तों की ऑनलाइन व ऑफलाइन पूजाएं शामिल हैं, संपादित की जा रही हैं, जो सुबह 4 बजे तक हो रही है।

## चारधाम यात्रा के दौरान स्वास्थ्य बिगड़ने से अब तक 52 लोगों की मौत

देहरादून। चारधाम यात्रा के दौरान अब तक 52 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें बदरीनाथ में 14, केदारनाथ में 23, गंगोत्री में 03 और यमुनोत्री में 12 श्रद्धालुओं की जान गई है। केदारनाथ में बीते 10 वर्ष में 350 यात्रियों की मौत हो चुकी है, जिसका प्रमुख कारण सीने में दर्द, बेचौनी और दिल का दौरा पड़ना रहा है। बदरीनाथ धाम की यात्रा पर आए केरल के एक श्रद्धालु की गुरुवार को हृदयगति रुकने से मौत हो गई। परिजनों ने विष्णुप्रयाग में ही अंतिम संस्कार करा दिया। अब तक बदरीनाथ धाम की यात्रा पर आए आठ श्रद्धालुओं की हृदयगति रुकने से मौत हो चुकी है। केरल के तिरुवनंतपुरम से चार महिलाएं और दो पुरुष दर्शन करने के लिए बदरीनाथ आए हुए थे। बुधवार को अचानक श्रीनिवासन (63) की हृदयगति रुकने से मौत हो गई। सीएमओ डॉ. राजीव शर्मा ने इसकी पुष्टि की है। इसके बाद परिजन शव को विष्णुप्रयाग लेकर आए, लेकिन उनके पास अंतिम संस्कार कराने के लिए कोई सामान नहीं था। इस पर उन्होंने नगर पालिका जोशीमठ से मदद मांगी। इस पर पालिका ने उन्हें सामग्री उपलब्ध करवाई, तब जाकर अंतिम संस्कार किया गया। वहीं हेमकुंड साहिब की यात्रा पर आए पंजाब के एक यात्री की हृदयगति रुकने से मौत हो गई। हेमकुंड साहिब के कपाट 25 मई को खुलेंगे और पहला जत्था शुक्रवार को गोविंदघाट से घांघरिया के लिए रवाना होगा। कुछ श्रद्धालु पहले ही घांघरिया पहुंच रहे हैं। गोविंदघाट एसओ लक्ष्मी प्रसाद बिजल्वाण ने बताया, बृहस्पतिवार को गोविंदघाट से घांघरिया जा रहे यात्री जसविंद्र सिंह (60) निवासी लुधियाना, पंजाब की भ्यूंडार के आगे रामढुंगी के पास हृदयगति रुकने से मौत हो गई।




# नाबालिग ने दिया बच्ची को जन्म दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

चंपावत। चंपावत से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक नाबालिग ने बच्ची को जन्म दिया है। नाबालिग के साथ गांव का ही एक युवक दुष्कर्म कर रहा था। जिस से वो गर्भवती हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। चम्पावत जिले के लोहाघाट ब्लॉक के एक गांव की 17 वर्षीय



नाबालिग छात्रा ने अस्पताल में बेटी को जन्म दिया है। नाबालिग के ताऊ ने लोहाघाट थाने में तहरीर दी है गांव का ही एक युवक ने छात्रा के साथ दुष्कर्म किया है। लोहाघाट पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ पोक्सो एक्ट सहित आईपीसी की धारा 376 के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को आज शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। लोहाघाट थाने के एसएचओ अशोक कुमार ने बताया लोहाघाट क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग छात्रा से उसी के गांव के युवक के द्वारा लंबे समय से दुष्कर्म किया जा रहा था। जिसके बाद नाबालिग गर्भवती हो गई। नाबालिग ने बुधवार को चंपावत के एक अस्पताल में बेटी को जन्म दिया है। एसएचओ ने बताया परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पोक्सो सहित दुष्कर्म की धारा 376 में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का मेडिकल कराकर माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है। मामले की जांच एसआई अंजू यादव के द्वारा की जा रही है।




# चौराहों का चौड़ीकरण कार्य शीघ्र पूरा करें : डीएम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर में प्रस्तावित 13 चौराहों और सड़कों के चौड़ीकरण को लेकर डीएम वंदना ने वन निगम, लोनिवि, राजस्व और विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ कैंप कार्यालय में बैठक ली। डीएम ने चौराहों के चौड़ीकरण में यूटिलिटी शिफ्टिंग के लिए एसडीएम हल्द्वानी और सिटी मजिस्ट्रेट को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी नामित होने से विभिन्न विभागों के बीच समन्वय रहेगा और मौके पर होने वाली समस्याओं का आसानी से निस्तारण होगा। इसके साथ ही विभिन्न चौराहों के चौड़ीकरण में आने वाले पेड़ो के संबंध में डीएम ने सिटी मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि वन विभाग को पूर्व में भी जिन पेड़ो को ट्रांसप्लांट किया जा सकता है उन्हें ट्रांसप्लांट किया जाने की संभावना पर कार्य करने के निर्देश दिए गए थे। वन विभाग के समन्वय से इसके लिए पेड़ों के ट्रांसप्लांट कार्य हेतु विशेषज्ञ को बुलाकर पेड़ो का चिन्हीकरण किया जाए। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास होना चाहिए कि जहां तक संभव को पेड़ो को ट्रांसप्लांट किया जाए। ऐसा संभव न होने पर ही पेड़ों का कटान किया जाए। विद्युत विभाग के ईई को चौराहों के चौड़ीकरण में आ रहे पेड़ो के कटान हेतु वन निगम के साथ समन्वय हेतु एक अधिकारी नियुक्त करने को कहा जिससे काम में आसानी बनी रहे। डीएम ने लोनिवि को निर्देशित किया कि तीनपानी से नरीमन चौराहे तक हर हाल में ब्लैक टॉप दोनो साइड 10 मीटर होना चाहिए। इसके अतिरिक्त दोनों छोर में जो जगह बचती है वहां नाली, पार्किंग आदि की सुविधाएं विकसित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रायः देखा जाता है विद्युत विभाग सड़क के ब्लैक टॉप के बाद लगती जगह पर पोल शिफ्ट कर देता है जिससे लोग बची हुई जगह में अतिक्रमण कर देते है। इससे बेहतर रहेगा कि विद्युत विभाग हर हाल में अपने पालों को नाली और पार्किंग स्पेस के बाद बची हुई जगह में शिफ्ट करे जिससे भविष्य में होने वाले अतिक्रमण से बचा जा सके। इसके साथ ही जितने भी धार्मिक स्थल है। उन्हें शिफ्टिंग या ध्वस्तीकरण कार्यवाही के लिए वार्ता करके भूमि के स्वामित्व की स्थिति के अनुसार कार्य किया जाए। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, एसडीएम हल्द्वानी परितोष वर्मा, ईई लोनिवि अशोक चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



# आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शुक्रवार को राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय खटीमा में महिला कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन तथा बाल कल्याण समिति की सदस्य पुष्पा पाणु द्वारा पॉक्सो अधिनियम,किशोर न्याय अधिनियम, बाल विवाह आदि पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



इस कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को विभिन्न न्यायिक अधिनियमों की जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें सशक्त बनाना है । बच्चों के लिए संचालित चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 जो कि जरूरतमंद बच्चों के लिए निःशुल्क 24 घंटे कार्य करने वाली सेवा है, के संबंध में भी जानकारी दी गई साथ ही शॉर्ट फिल्म के माध्यम से भी बालिकाओं के अधिकारों के संबंध में उन्हें जागरूक किया गया। इस अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक चाँदनी रावत, रेखा मेहता,विद्यालय के शिक्षक आदि उपस्थित थे।

# भारत युद्ध की नहीं, बुद्ध की भूमि है: हरि चैतन्यपुरी

रानीखेत ( उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी श्री हरि चैतन्य महाप्रभु ने यहाँ चैतन्य मोंटेसरी स्कूल में बुद्ध पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों, विद्यालय परिवार व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज विश्व में हर ओर युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं । हमारा भारत युद्ध की नहीं बुद्ध की भूमि है। श्री राम, श्री कृष्ण, महावीर स्वामी, शंकराचार्य, गुरू गोविंद सिंह, गुरू नानक देव इत्यादिक महापुरुषों व अवतारों की भूमि है। विश्व बंधुत्व व सर्वे भवन्तु सुखिनः का भाव रखने वाली इस दिव्य धरा से हमेशा से हर ओर शांति का ही संदेश जाता रहा है। आज विभिन्न आधारों पर हो रही अशांति दुर्भाग्यपूर्ण व चिंता का विषय है। हम सभी शांति का साम्राज्य स्थापित करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंव अशांति के घटक न बनें। अपने उदार, व्यापक व महान चिंतन के कारण ही भारत जगद्गुरु रहा है व वह दिन दूर नहीं जब भारत फिर से जगद्गुरु के पद पर प्रतिष्ठिापित होगा। समस्त प्रकार की संकीर्णताओं व मतभेदों को त्यागकर हम सभी आपसी प्रेम, एकता, सद्भाव व सांप्रदायिक सोहार्द बनाए रखें। इससे पूर्व विद्यालय में पहुँचने पर प्रधानाचार्य, शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा फूल मालाएँ पहनाकर, आरती उतारकर पुष्प वृष्टि करते हुए श्री गुरू महाराज , कामां के कन्हैया, लाठी वाले भैया व हरिबोल की जय जय कार करते हुए श्री महाराज जी का भव्य व अभूतपूर्व स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत गाकर सुन्दर प्रस्तुति दी ।



# कांग्रेस नेता सुमित ने हिमाचल में किया चुनाव प्रचार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विधायक सुमित हृदयेश ने हिमांचल प्रदेश की ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी आनंद शर्मा के समर्थन में जनसंपर्क व बैठक आयोजित की। कांगड़ा- चंबा लोकसभा प्रत्याशी आनंद शर्मा के समर्थन में हल्द्वानी विधायक सुमित ने हिमांचल प्रदेश की ज्वालामुखी विधानसभा के बोहण भाटी, लगड़ू, टिहरी, मझीन, धल्लौर, अम्ब क्षेत्र में जनसंपर्क कर आम जन से कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है और भाजपा से आमजन बेहद खफा है लिहाजा कांग्रेस को पूरा सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोगों को धर्म, जाति के नाम पर भ्रमित करने की कोशिश कर रही है। लेकिन जनता अब भारतीय जनता पार्टी की नीति और रीतियों को पहचान चुकी है और अब आम जनता भारतीय जनता पार्टी के बहकावे में नहीं आने वाली है। आम जनता केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार को पिछले 10 सालों से देख रही है और अब लोगों ने मन बना लिया है कि भारतीय जनता पार्टी केवल घोषणाओं की पार्टी है और आने वाले चुनाव में आम जनता भारतीय जनता पार्टी को करारा जवाब देगी। इस दौरान इस दौरान ज्वालामुखी विधानसभा के विधायक संजय रत्न, सह पर्यवेक्षक रामेश्वर दत्त, जिला पंचायत सदस्य सीमा देवी, प्रताप सिंह राणा, मनीष शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# निर्माणाधीन फीकल स्लज एवं ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण की समीक्षा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रूद्रपुर में अमृत योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन फीकल स्लज एवं ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) का निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जल निगम के अभियंताओं व कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि वे एफएसटीपी कार्यों को त्वरित गति से करें तथा कोई भी परेशानी हो तो उन्हें अवगत करायें। उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत जो भी अवशेष धनराशि शासन स्तर पर लंबित है उसके लिए अभियंता सिविल व मैकेनिकल विभागाध्यक्ष से तुरंत पत्राचार करें तथा उसकी प्रति जिला कार्यालय को भी उपलब्ध करायें ताकि जिला कार्यालय से भी योजना धनराशि उपलब्ध कराने हेतु प्रमुख सचिव शहरी विकास व प्रबंध निदेशक को पत्र लिखा जा सके। कार्यदायी संस्था के प्रबंधक सीबी सिंह ने बताया कि रूद्रपुर एफएसटीपी का सिविल कार्य पूर्ण किया जा चुका है मैकेनिकल कार्य किया जाना है तथा गत 9 माह से टेस्टिंग कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन एवं मैंटिनेंस का बॉण्ड अभी नहीं हुआ है जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को कार्यदायी संस्था के साथ एफएसटीपी ऑपरेशन एवं मैंटिनेंस कार्य का बॉण्ड बनाने के निर्देश दिए । जिलाधिकारी ने प्रतिदिन फीकल स्लज तथा किये जा रहे ट्रीटमेंट का डाटा उपलब्ध कराने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिए। कार्यदायी संस्था के प्रबंधक ने बताया कि एफएसटीपी संचालन हेतु 50 के.वी. का सोलर सिस्टम प्लांट तैयार कर लिया गया है, विद्युत विभाग से नेट मीटर लगाने का अनुरोध किया गया है जिस पर जिलाधिकारी ने तुरंत विद्युत से समन्वय करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश जल निगम के अभियंताओं को दिए। बैठक में नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, अधीक्षण अभि. इलै./मैके. डिवीजन प्रणय पुरोहित, अधिशासी अभियंता सुधीर कुमार, अधिशासी अभियंता जल निगम शिवम द्विवेदी, प्रोजेक्ट अभि. नगर निगम अजय बंसल, सहायक अभियंता जल संस्थान पीसी पांडे, कार्यदायी संस्था से सीबी सिंह व विष्णु प्रताप सिंह आदि मौजूद थे।



# सिपाही ने दारोगा के हड़पे 12 लाख रूपये

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। यूं तो इन दिनों ऑनलाईन ठगी किये जाने के मामले सामने आ रहे हैं। लेकिन एक मामला अब ऐसा सामने आया है जिसमें एक दारोगा द्वारा सिपाही पर खड़िया के काम में पार्टनर बनाने के नाम पर 12 लाख रूपये हड़प लेने का आरोप लगाया है। हांलाकि यह मामला वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। बताया जाता है कि सेवानिवृत होने से पूर्व भविष्य के लिए रोजगार की तलाश में एक दारोगा की कोतवाली में तैनात सिपाही से हुई। जिसने खड़िया के काम में उसे पार्टनर बनाने की बात कहकर उससे 12 लाख रूपये ले लिए। परंतु उसे बाद में न तो पार्टनर बनाया और न ही लिए रूपये वापस ही किये। बार बार तकादा करने पर सिपाही ने दारोगा को 7 एवे 5 लाख रूपये के दो चैक दे दिए जो बैंक से बिना भुगतान के वापस आ गये। जिस पर दारोगा ने आरोपी सिपाही के विरूद्ध न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। अब सिपाही न्यायालय से जारी वारंट नहीं ले रहा है और अधिकारियों पर दबाव बना रहा है। पीड़ित दारोगा ने एसएसपी से मामले को लेकर शिकायत करने की बात कही है।

# पर्यटकों के दल का किया स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद देहरादून द्वारा आईआरसीटीसी के सहयोग से देश में प्रथम बार उत्तराखंड के विभिन्न अल्पज्ञात गंतव्यों को टूर पैकेज के माध्यम से जोडते हुए पर्यटन को बढावा देने के



उद्देश्य से मानसखण्ड एक्सप्रेस ट्रेन (भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन) गतिमान है। जिला पर्यटन विभाग के सहयोग से 22 मई को पुन: द्वितीय टूर पैकेज पूणे से प्रस्थान कर 24 मई को टनकपुर पहुंचे, टनकपुर में पर्यटकों का तिलक लगाकर फूल मालाओं से अतिथि देवो भव: की परंपरा को आगे बढाते हुए भव्य स्वागत किया। जिसमें दो ग्रुप शामिल है ग्रुप ए में 139 एवं ग्रुप बी में 164 पर्यटक कुल 303 पर्यटक है। जिला पर्यटन अधिकारी लता बिष्ट ने बताया कि ग्रुप ए द्वारा टनकपुर से माँ पूर्णागिरी मन्दिर को प्रस्थान कर भीमताल से अल्मोड़ा, जागेश्वर धाम, पिथौरागढ़, लोहाघाट चम्पावत होते हुए 30 मई को गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब के दर्शन एवं भ्रमण करते हुए वापस टनकपुर को प्रस्थान करेगा। ग्रुप बी के 164 पर्यटक टनकपुर से नानकमत्ता पहुंचे। तत्पश्चात् श्री नानकमत्ता साहिब गुरूद्वारा समिति के प्रभारी प्रबन्धक संत बाबा सुखविंदर सिंह भुल्लर सहित समिति के समस्त सदस्यों द्वारा पर्यटकों का उत्साहपूर्वक व आदर के साथ स्वागत अभिनन्दन किया गया। समस्त पर्यटकों ने भी प्रसन्नतापूर्वक आपस में सेल्फी ली व उत्तराखण्ड के प्राकृतिक सौन्दर्यता की प्रशंसा की। उन्होने बताया कि पर्यटक गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब दर्शन, नानकसागर डैम भ्रमण एवं लंगर का प्रसाद ग्रहण कर भीमताल को रवाना हुए। जिला पर्यटन अधिकारी ने बताया कि ग्रुप बी भीमताल से अल्मोड़ा, जागेश्वर, चौकड़ी, पाताल भूवनेश्वर, लोहाघाट, चम्पावत होते हुए टनकपुर पहुचेगा। पर्यटकों के स्वागत स्थल पर आई.आर. सी.टीसी. के प्रबन्धक राजीव रंजन सिंह, कुलदीप सिंह, भानू प्रताप, अमित राजपूत, अर्जुन सैनी, 20 क्रू सदस्य, के अतिरिक्त गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब समिति के समस्त सम्मानित सदस्य, कथावाचक गुरजिन्दर सिंह, लंगर व्यवस्थापक, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, चिकित्सक टीम व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# कल होगी समूह ग की परीक्षा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लोक सेवा आयोग, हरिद्वार द्वारा प्रयोगशाला सहायक, विधि विज्ञान प्रयोगशाला (समूह ग) लिखित परीक्षा(वस्तुनिष्ठ प्रकार)आगामी 26 मई (रविवार) को गवर्नमेंट गर्ल्स इण्टर कॉलेज फाजिलपुर महरौला रूद्रपुर, अटल उत्कृष्ट ए. एन. झा राजकीय इण्टर कॉलेज रूद्रपुर, आर्य कन्या इण्टर कॉलेज काशीपुर बाईपास रोड, रूद्रपुर में प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित होगी। जिलाधिकारी ऊधमसिंह नगर उदयराज सिंह के निर्देशन में परीक्षा के सफल संचालन हेतु अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित हुई उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों के प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए कि वे सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें तथा गेट पर ही अभ्यर्थियों की स्कैनिंग कर ली जाए तथा परीक्षा केन्द्रों में मोबाइल, ब्लुटूथ डिवाइस, घड़ी या अन्य किसी प्रकार का इलै0 गैजेट पूर्णतया प्रतिबंधित होगा। परीक्षा केन्द्र में सीसीटीवी कैमरे के साथ ही वीडियोग्राफी भी की जायेगी। तीन परीक्षा केन्द्रों में तीन सैक्टर मजिस्ट्रेट के साथ ही पर्याप्त सुरक्षा बल भी तैनात रहेंगे। परीक्षा को देखते हुए परगना मजि0 रूद्रपुर मनीष बिष्ट द्वारा क्षेत्रान्तर्गत समस्त परीक्षा केन्द्रों पर धारा 144 लगा दी गयी है। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों के चारों ओर 500 मीटर की दूरी के अन्दर कोई व्यक्ति प्रवेश



नहीं करेगा। यह प्रतिबंध परीक्षा देने वाले छात्रों एवं ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों/अधिकारियों/सुरक्षा बलों पर लागू नहीं होगा। कोई व्यक्ति शस्त्र आदि लाठी, चाकू व किसी प्रकार का हथियार व विस्फोटक पदार्थ नहीं ले जायेगा। यह प्रतिबंध पुलिस बल पर लागू नहीं होगा। पांच या अधिक व्यक्ति केन्द्र की परिधि के अन्दर या आस-पास किसी समय परियोजन हेतु एकत्र नहीं होंगे। परीक्षा केन्द्रों की परिधि के अन्दर ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग नहीं करेगा। उक्त आदेशों की अवहेलना करने वाला व्यक्ति धारा 188 द0प्र0सं0 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा। बैठक में प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट डॉ. अमृता शर्मा, मुख्य शिक्षा अधिकारी के. एस. रावत, जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक हरेंद्र मिश्रा, आयोग के प्रतिनिधि प्रिंस वर्मा, प्रधानाचार्य दयाशंकर पांडेय, पार्वती देवी, अमृता सक्सेना, सेक्टर मजि. डॉ. प्रकाश फुलारा, कमांडेंट होमगार्ड प्रतिमा, सीओ ओम प्रकाश आदि मौजूद थे।

# चिल एण्ड थ्रिल समर ब्रेक पार्टी में बच्चों ने की मस्ती

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में नर्सरी से कक्षा यू0के0जी0 तक के बच्चों के लिए चिल एण्ड थ्रिल समर ब्रेक पार्टी आयोजित की गई। जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा यू0के0जी0 तक के सभी विद्यार्थी सम्मिलित थे। बच्चों के लिए अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें क्रमश माइंड टिव्स्टर, बॉल बस्टर, रिंग रिंगर, ऐम यूअर टारगेट और पूल गतिविधियाँ शामिल थीं। आकर्षण का केंद्र बिंदु पूल और आईसक्रीम पार्लर था। इस दौरान सभी बच्चों ने खूब मस्ती करते हुए डांस किया। विद्यालय द्वारा बच्चों को स्नैक्स, नारियल पानी, आइसक्रीम और कोल्ड ड्रिंक दी गई। कार्यक्रम को लेकर विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उप-प्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा और प्री-प्राइमरी कॉर्डिनेटर श्रीमती प्रियंका शर्मा ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

# मैक्स हॉस्पिटल वैशाली ने हल्द्वानी में लॉन्च की कार्डियोलॉजी की ओपीडी सेवा



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, वैशाली ने बृज लाल अस्पताल, नैनीताल रोड के सहयोग से कार्डियोलॉजी के लिए अपनी विशेष कार्डियोलॉजी ओपीडी सेवा लॉन्च की। ओपीडी लॉन्च बृज लाल अस्पताल द्वारा उठाया गया एक और पेशंट-केंद्रित कदम है। इससे यहां के मरीजों को दूसरे शहर की तरफ नहीं जाना पड़ेगा और यहीं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के वरिष्ठ निदेशक कार्डियोलॉजी डॉक्टर आनंद पांडे की मौजूदगी में ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि हर महीने के चौथे शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक बृज लाल अस्पताल में डॉक्टर प्राथमिक परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस ओपीडी लॉन्च का मकसद मरीजों को स्पेशल केयर देने के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों और मॉडर्न इलाज मॉड्यूल तक लोगों की पहुंच आसान बनाना है। डॉक्टर पांडे ने कहा मरीज अक्सर शुरुआती संकेतों को नजरअंदाज कर देते हैं। जैसे सीने में दर्द, दबाव या भारीपन, जबड़े, बाएं कंधे, बाहों, कोहनी, या पीठ में दर्द, सांस की तकलीफ, ठंडा पसीना, मतली, थकान, हल्का सिर दर्द या बेहोशी लक्षण हो सकते हैं। ये लक्षण हर व्यक्ति में अलग-अलग हो सकते हैं और मरीज भी बीमारी की अलग-अलग स्टेज में हो सकते हैं। कई मरीज जिन्हें कई दिल के दौरे पड़ते हैं या कार्डियोमायोपैथी को पतला करते हैं वो अंतत: हार्ट फेल की चपेट में आ जाते हैं।उन्होंने कहा हार्ट से जुड़े मुश्किल मामलों के लिए तृतीयक केयर प्रदान करते हैं। जिसमें इंटरवेंशनल और मेडिकल प्रबंधन दोनों शामिल हैं।

# तीन दिवसीय धार्मिक गुरमत समागम का समापन

गदरपुर(उद संवाददाता)। निर्मल तख्त बाबा बुड्ढा जी नंबर चार, खेड़ा नवाब गंज खेड़ा, बाजपुर में 56 वें सालाना वार्षिक महान जोड़ मेला एवं धार्मिक समागम का श्रद्धा भावना के साथ समापन हो गया । कार्यक्रम में डेरा बाबा नानक से आए भाई वीर सिंह नामधारी के रागी जत्थे ने गुरबाणी कीर्तन एवं कथा के साथ संगत को निहाल किया।ढाढी जत्था भाई भूपेंद्र सिंह पारस ,कवि श्री जत्था भाई मक्खन सिंह दशमेश नगरिया, कविश्री जत्था भाई बलविंदर सिंह, अंग्रेज सिंह, कुलदीप सिंह ने गुरु इतिहास के पक्षों का वर्णन करते हुए ऐतिहासिक तथ्यों पर प्रकाश डाला वहीं कार्यक्रम में पहुंचे बाबा जसविंदर सिंह निर्मले कोठारी ,हरिद्वार वालों द्वारा नाम स्मरण करवाते हुए संगत को गुरबाणी का आसरा लेने का आह्वान





किया। कथा वाचक भाई हरप्रीत सिंह केशगढ़, त्रिलोक सिंह यूके, देवेंद्र सिंघ गदरपुर ने गुरु ग्रंथ साहिब जी के सिद्धांतों पर आधारित एवं गुरु अमर दास जी कक जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन गुरुद्वारा नानकसर ठाठ बाजपुर के बाबा प्रताप सिंह एवं अमरजीत सिंह के जत्थे ने गुरबाणी कथा कीर्तन के साथ किया । कार्यक्रम के समापन पर बाबा भगवंत भजन सिंह द्वारा सर्वत्र सुख शांति की अरदास की गई ।कार्यक्रम के समापन के उपरांत अखंड पाठ की सेवा लेने वाले तथा अन्य सभी सेवादारों को बाबा भगवंत भजन सिंह एवं बाबा दलजीत सिंह द्वारा सरोपा भेंककर सम्मानित किया गया।वहीं विभिन्न प्रकार की दुकानें,झूले एवं अन्य सामान के स्टाल भी लगाए गए । तीन दिवसीय जोड़ मेले में श्रद्धालुओं को गुरुद्वारा साहिब द्वारा दिन भर ठंडे मीठे पानी की छबील एवं गुरु का लंगर दिन भर चलता रहा। निर्मल तख्त बाबा बुड्ढा जी नवाबगंज खेड़ा बाजपुर के बाबा बलजीत सिंह ने बताया कि हर वर्ष की भांति लगने वाले जोड़ मेले में वाहन पार्किंग,दुकानों की व्यवस्था,संगत के ठहरने के लिए व्यवस्था और गुरु के लंगर आदि की व्यवस्था सेवादारों द्वारा बाखूबी निभाई गई। **मन्नत पूरी होने पर मनाई खुशियां :** निर्मल तख्त बाबा बुड्ढा जी के जोड़ मेले के दौरान गत वर्ष अपनी अरदास की पूर्ण होने पर श्रद्धालुओं द्वारा खूब जश्न मनाया गया। पुत्र प्राप्ति पर बैंड बाजों के साथ नृत्य करते हुए श्रद्धालुओं ने अपनी मन्नत पूरी होने पर अपनी सेवाएं प्रदान की। हर वर्ष बुद्ध पूर्णिमा के दिन श्रद्धालुओं द्वारा अपनी मन्नत मांगी जाती है पूरी होने पर वह मन्नत पूरी होने पर वह गुरु दरबार की हाजिरी भरकर सेवा करते हैं । कहा जाता है कि सच्चे दिल से मन्नत मांगने पर हर मनोकामना पूर्ण होती है।






# पंतनगर पहुंचने पर डीएम ने राज्यपाल का किया स्वागत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश के राज्यपाल ले0 ज0(रि0) गुरमीत सिंह अपने निर्धारित कार्यक्रमानुसार 10.40 बजे जोलीग्राड एयरपोर्ट देहरादून से स्टेड प्लेन द्वारा प्रस्थान कर 11.50 पंतनगर एयपोर्ट पहुचे। मा0 श्री राज्यपाल महोदय ने अल्प विश्राम के उपरांत पंतनगर एयरपोर्ट से कार द्वारा नैनीताल के लिये प्रस्थान



किया। महामहिम राज्यपाल के पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचने पर जिलाधिकारी उदयराज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोड़के, कुलपति पंतनगर विश्वविद्यालय मनमोहन सिंह चौहान ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। राज्यपाल को एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर एसपी सीटी मनोज कत्याल, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, सीएमओ डॉ0 मनोज कुमार शर्मा, सीओ निहारिका तोमर आदि मौजूद थे।

# डीपीएस में सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।दिल्ली पब्लिक स्कूल में बहुप्रतीक्षित ग्रीष्मकालीन शिविर 'खेलोगे तो खिलोगे' का उद्घाटन समारोह शुक्रवार को स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। इस दौरान छात्रों और शिक्षकों में उत्साह दिखा। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने समारोह का उद्घाटन भाषण दिया और सभी का स्वागत किया। छात्रों में रचनात्मकता, सीखने और समग्र विकास को बढ़ावा देने में समर कैंप के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कैंप की विविध गतिविधियों पर जोर दिया, जिसमें खेल, कला और शिल्प, संगीत, नृत्य और शैक्षणिक संवर्धन कार्यक्रम शामिल हैं, जो गर्मियों की छुट्टियों के दौरान छात्रों को व्यस्त रखने और शिक्षित करने के लिए बनाए गए हैं। इस समारोह में छात्रों द्वारा आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल था, जिसमें एक जीवंत नृत्य प्रदर्शन और एक मधुर समूह गीत शामिल था। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद, शिविर समन्वयकों ने शिविर कार्यक्रम का विस्तृत अवलोकन प्रदान किया और प्रत्येक गतिविधि के लिए आए विषय विशेषज्ञ जिसमें दृश्य कला/मूर्तिकला के लिए मानस माथुर, सुश्री निशा रौतेला,रंगमंच के बादशाह ईशान और राहुल, फोटोग्राफी के गुरु अमदी, सिड ,ए.आई .और रोबोटिक में रवि ,साहसिक/मजेदार गतिविधियों के महारथी गौरव एयरोमॉडलिंग में मजेती कृतिक तथा शूटिंग के सिकंदर नकुल थे। शिविर में छात्रों को उनकी आयु और रुचियों के आधार पर समूहों में विभाजित किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक बच्चा अपनी पसंद और क्षमताओं के अनुसार सबसे उपयुक्त गतिविधियों में भाग ले सके।



जब छात्र अपने-अपने गतिविधि क्षेत्रों में चले गए, तो वातावरण में उत्साह और उन रोमांचों की प्रत्याशा भर गई स दिल्ली पब्लिक स्कूल में समर कैंप का आगाज अत्यंत हर्षोल्लास तथा शानदार रहा ,जिसने विकास, अन्वेषण और आनंद -उल्लास से भरे समर के लिए मंच तैयार किया। डीपीएस-रुद्रपुर के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर ने सभी छात्रों और शिक्षकों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि वे हर दिन का आनंद लें और कुछ नया सीखें। कैंप का समापन 30 मई को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ होगा।

# एसओजी एवं मुखानी पुलिस ने दबोचा स्मैक तस्कर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ अभियान जारी रखते हुए एसओजी एवं मुखानी थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से चौकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष मुखानी पंकज जोशी के नेतृत्व में एसओजी व थाना पुलिस टीम द्वारा चौकिंग के दौरान एक संदिग्ध रूप से घूमते युवक को पार्वती कॉलोनी आरके टेंट रोड पर पकड़ लिया । पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता चंद्रशेखर पाठक उर्फ अनुज निवासी गैस गोदाम रोड़ बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 15.58 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई । पुलिस ने बरामद स्मैक कब्जे में लेकर आवश्यक पूछताछ के बाद चंद्र शेखर की गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक संजीत राठौर प्रभारी एसओजी, उनि गुरविंदर कौर, का. गणेश गिरी व चन्दन नेगी शामिल थे।



# एस एस पब्लिक स्कूल में वाटर पूल एक्टिविटी का आयोजन

गदरपुर(उद संवाददाता)। एस एस पब्लिक स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा 2 तक के बच्चों की वाटर पूल एक्टिविटी का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया । विद्यालय में कृत्रिम तालाब बनाया गया जिसमें सभी बच्चों ने गर्मी में नहाने का आनन्द लिया। विद्यालय के चेयरमैन डी पी



सिंह ने विद्यालय की और से बच्चों को नींबू पानी उपलब्ध करवाया।विद्यालय के प्रधानाचार्य स,परविंदर सिंह ने बच्चों के साथ समय बिता कर अपने बचपन की यादों को ताजा करते हुए अपने संस्मरण सुनाए ।इस अवसर पर उमेश कुमार , पलक तिवारी,चंदा,कोमल, अलका,मोनिका ,रेखा,नेहा, जसप्रीत,गुरप्रीत, निशा ,सोनम , यशप्रीत,तान्या,उषा,पूजा आदि सहित तमाम बच्चे शामिल रहे।

# रेनबो स्कूल में नेशनल डिफेन्स अकादमी पर कैरियर काउंसलिंग

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रेनबो पब्लिक स्कूल में एन. डी. ए. के तत्वावधान में एक कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। जिसमे रेनबो कमांडिंग आफिसर एनसीसी , विंग कमाण्डर एन.एस. पवार के द्वारा मॉ सरस्वती के दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यार्थियों ने स्वागतगान प्रस्तुत किया। अपने उत्तर दायित्व को समझो जहॉ जाना चाहते हो यदि तुमने संकल्प कर लिया है तो कुछ भी असंभव नही है। इस क्रम में उन्होने विद्यार्थियों से वायु सेना से ानाचार्या सुश्री स्मिता पाठक एवं कॉओडिनेटर जी. एस. रावत, कोओडिनेटर जिंदर कौर एवं आर. ए. एन. पब्लिक स्कूल से पी,टी,आई प्रियंका रावत, सूरज प्रकाश,



स्कूल के कक्षा 11-12 के छात्र- छात्राओं के साथ विभिन्न स्कूलों से पधारे छात्र-छात्राओं ने भी काउंसलिंग का लाभ उठाया। डायरेक्टर श्रीमती गीतांजली मलिक ने विंग कमाण्डर को गुलदस्ता भेंट कर अभिनन्दन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड, विंग कमाण्डर एन. एस. पवार ने छात्र -छात्राओं को वायु सेना करियर के रुप में अपनाने के लिए विभिन्न आकर्षणों से परिचित कराया। जिसमें लड़ाकू विमानों की विशेषताओं एवं उपलब्धियों के बारे में भी बताया। छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए श्री पवार ने कहा जीवन में सम्बन्धित अनेक प्रश्न किये एवं उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देकर संतुष्ट किया। क्रार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य श्री संजय कुमार अग्रवाल के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। प्रधानाचार्य ने विंग कमाण्डर श्री एन. एस. पवार का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर उपप्रध जे.डब्लू ओ अजीत सर, सी.पी.एल. यशपाल, रेनवो पब्लिक स्कूल से पी.टी. आई पिंकी सिंह, किरन गुप्ता, लक्ष्मी नेगी, मयंक सुनंदरियाल, मनीष हालदार, एवं डांस शिक्षिका आशिया रजा एवं संगीत शिक्षिका अंशु भटनागर, सीमा त्यागी सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

# अटल उत्कृष्ट विद्यालय में सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। अटल उत्कृष्ट आदित्य नाथ झा राजकीय इंटर के सभागार में इस वर्ष प्रथम बार जनपद के सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कुछ विशिष्ट शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों से सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं अन्य सैकड़ों शिक्षको को संबोधित करते हुए जिले के मुख्य शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह रावत ने कहा जीवन के इस महत्त्व पूर्ण अवसर आप इस समय सदुपयोग अपने परिवार एवम समाज के हित में करते रहना होगा।शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी के परिप्रेक्ष्य में वर्तमान शिक्षा नीति में वोकेशनल शिक्षा एवम स्किल डेवलपमेंट के माध्यम से छात्रों को शिक्षित किए जाने की जो योजना चल रही है उससे छात्रों का लाभ होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डायट प्राचार्य डॉक्टर राजेंद्र सिंह ने की और विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सावेद आलम,पुरुषोत्तम सिंह एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक हरेंद्र मिश्रा, दयाशंकर पांडे प्रधानाचार्य भी थे। कार्यक्रम का संचालन राजकीय शिक्षक संघ के जिला मंत्री राज कुमुद पाठक द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम में पूर्व कोषाध्यक्ष विवेक पवार ,पूर्व प्रदेश संयुक्त मंत्री योगेश घिल्डियाल ,जिला संगठन मंत्री छत्रपाल सिंह अध्यक्ष जसपुर कौशल चौधरी अध्यक्ष काशीपुर राकेश यादव काशीपुर मंत्री श्रीमति जमुना पटवाल जसपुर मंत्री पंकज अग्रवाल अध्यक्ष बाजपुर वीरेंद्र चौहान मंत्री बाजपुर शर्मेंद्र सिंह मंत्री सितारगंज हरिशंकर यागिक अध्यक्ष रुद्रपुर योगेंद्र चौधरी आय व्यय निरीक्षक कृष्णमोहन तिवारी ,राजकुमार अरोड़ा , डी एन भट्ट, डी पी सिंह, प्रशांत चौधरी, नीलम, नीतू चौधरी, इरसाद अंसारी, शांतनू त्यागी, शमशेर सिंह, प्रभाकर तिवारी, अनिल सिंह, धीरज शर्मा सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे।इस अवसर पर डॉ जयंत शाह और श्रीमती शशि जोशी ने काव्य पाठ भी किया । इस अवसर पर प्रधानाचार्य बाल मुकुंद तिवारी, दया शंकर पांडेय माधवेंद्र सारस्वत ए. के.गौतम प्राथमिक शिक्षक संघ के जनपद अध्यक्ष गुलाब सिंह सिरोही ,डॉ जयंत शाह ,नीरजा चौधरी ,शशि जोशी ,विनीता जगदीश ,जगदीश पंत ,धर्मेंद्र सिंह बसेडा जी को शिक्षा के क्षेत्र में उनके विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



# अवैध सम्पत्ति अर्जित करने वालों पर हो आयकर विभाग की कार्रवाई: ठुकराल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने शहर में आयकर की छापेमारी को लेकर जारी बयान में कहा कि छोटे व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर आयकर विभाग छापे मारकर व्यापारियों का मानसिक उत्पीड़न कर रहा है। ठुकराल ने कहा कि सत्ता पक्ष के बड़े नेताओं के घरों पर वह प्रतिष्ठानों पर आयकर विभाग की टीमें भेजनी चाहिए ,ताकि अनुचित तरीके से हराम की कमाई करके अरबों रुपये की अवैध सम्पत्ति अर्जित करने वालों की वास्तविकता समाज के सामने आ सके। ठुकराल ने कहा कि गिरोह बनाकर जिन नेताओं का सारा ध्यान सारादिन अवैध तरीके से धन सम्पति अर्जन करने में रहता है। वह किसी से छिपा नहीं है। जो अपने पद की आड़ मे लूटपाट मचाने मे लगे हैं। आयकर विभाग को ऐसे नेताओं के घरो प्रतिष्ठानों पर छापे मारकर यह अवैध सम्पत्तियाँ अपने कब्जे में लेना चाहिए। ठुकराल ने कहा कि योजना बद्ध तरीके से गिरोह बनाकर रुद्रपुर सिडकुल में व अवैध तरीके से कालोनियां काटकर लूटखसोट करने वाले नेताओं की सम्पत्ति व धन पर आयकर विभाग के छापे पड़ने चाहिए ताकि सच्चाई सामने आ सके।



# आर्य समाज के पृथ्वीराज प्रधान व राजेंद्र मंत्री बने

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर्य समाज रूद्रपुर का वार्षिक चुनाव आर्य समाज मन्दिर मे सम्पन्न हुआ। जिसमे सर्व सम्मति से पृथ्वीराज आर्य प्रधान, राजेन्द्र कुमार चॉदना मंत्री व अमित वासन को सर्व सम्मति से कोषाध्यक्ष चयनित किया गया। जिसका उपस्थित सभी सदस्यों ने स्वागत किया। इसके अतिरिक्त अन्य पदो पर भी चयन प्रक्रिया संपन्न हुई। जिसमे उप प्रधान महावीर प्रसाद गर्ग,उप मंत्री शशांक गुप्ता,उप प्रधाना श्रीमति अल्का तनेजा, पुस्तकालय अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश देवल, अधि.आर्य वीरदल हरीश तनेजा व आडिटर राजकुमार गुलाटी को चुना गया।









# राजपुरा में पेयजल संकट को लेकर खाली बाल्टियों के साथ प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजेन्द्र नगर राजपुरा में पेयजल संकट गहराता जा रहा जिससे स्थानीयजनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसके विरोध में स्थानीय महिलाओं पुरुषों ने सामाजिक कार्यकर्ता हेमन्त साहू की अगुवाई में जलसस्थान के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए खाली बाल्टियों के साथ जमकर प्रदर्शन किया। हेमन्त साहू ने कहा कि विभाग की लापरवाही व हीलाहवाली की वजह से जनता को पानी की बूंद बूंद के लिये भटकना पड़ रहा है। पिछले 1 माह से नाले के आसपास बाल्मीकि मन्दिर के पास पेयजल संकट बना हुआ है जिससे जनता में भारी रोष है। यदि जल्द समस्या का समाधान नही हुआ तो उग्र आन्दोलन किया जायेगा। प्रदर्शन करने वालों में प्रीति आर्या, शीला सक्सेना, सरस्वती देवी, गीता आर्या, गोपाल राम आर्या, भगवान दास शर्मा, कंचन देवी, अमृत पाल बाल्मीकि समेत तमाम लोग शामिल थे।



उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## स्वच्छाता और स्वास्थ्य

हमारे जीवन में बहुत सारी बीमारियां स्वच्छता संबंधी आदतें न अपनाने और जीवाणु-रोधी उपायों पर गंभीरता से ध्यान न दे पाने की वजह से पैदा हो रही हैं। लांसेट पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में कहा गया है कि अगर ठीक से संक्रमण रोकने संबंधी उपाय किए जाएं तो निम्न-मध्यम आय वाले देशों में करीब साढ़े सात लाख जान बचाई जा सकती है। इन उपायों में हाथों की सफाई, अस्पतालों और स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों में नियमित रूप से साफ-सफाई, उपकरणों का रोगाणुनाशन, पीने के लिए स्वच्छ जल मुहैया कराना, सही तरीके से साफ-सफाई रखना और बच्चों को सही समय पर टीके लगवाना शामिल है। अनुसंधानकर्ताओं के अंतरराष्ट्रीय दल ने अनुमान लगाया कि हर वर्ष दुनियाभर में होने वाली हर आठ मौत में से एक का कारण जीवाणु संक्रमण होता है। अनुसंधानकर्ताओं ने रोगाणुरोधी प्रतिरोध की स्थिति से प्रभावी तौर पर निपटने के लिए लोगों की एंटीबायोटिक तक आसान पहुंच मुहैया कराने का आह्वान किया है। अगर ऐसा न किया गया तो बच्चों को बचाने और उन्हें लंबे समय तक स्वास्थ्य रखने के संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को पूरा करने में मुश्किलें बनी रहेंगी। गर्भवती महिलाओं और बच्चों को नियमित टीके लगाकर करीब 1.82 लाख लोगों की जान बचाई जा सकती है। यह कोई कठिन काम नहीं है, मगर अफसोस कि एक बड़ी आबादी इन सुविधाओं से वंचित है। जिस तरह जलवायु परिवर्तन के खतरे बढ़ रहे हैं, उनका सबसे अधिक असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। नए-नए किस्म के जीवाणु पैदा हो रहे हैं और अगर समय रहते उन पर काबू न पाया जाए, तो वे जानलेवा साबित होते हैं। हालांकि अनेक संक्रामक रोगों पर काबू पाने के मकसद से गर्भवती महिलाओं और बच्चे के पैदा होने के बाद से ही टीके लगाए जाने शुरू हो जाते हैं। मगर इसमें भी बहुत सारे लोग अनजाने में या स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच न हो पाने के कारण लापरवाही बरतते देखे जाते हैं। पोलियो इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जिसमें वर्षों से पोलियो की खुराक दी जाने के बावजूद देश अभी तक पूरी तरह पोलियोमुक्त नहीं हो पाया है। मलेरिया, हेपेटाइटिस, जापानी बुखार जैसी बीमारियां जब-तब सिर उठा लेती और जानलेवा साबित होती हैं। इस सच्चाई से मुंह नहीं फेरा जा सकता कि हमारे देश की एक बड़ी आबादी प्रदूषित वातावरण में रहने और काम करने को मजबूर है। एक बड़ी आबादी आज भी पीने के साफ पानी से महरूम है। ऐसे में संक्रामक बीमारियों पर काबू पाना कठिन बना हुआ है। दूसरी बड़ी समस्या तमाम दावों और वादों के बावजूद सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के बुनियादी ढांचे को संतोषजनक न बनाया जा सकना है। इसलिए एंटीबायोटिक दवाओं की उपलब्धता सभी तक संभव नहीं हो पाती। महानगरों में फिर भी कुछ बेहतर स्थिति देखी जा सकती है, पर ग्रामीण इलाकों के बहुत सारे लोग स्वच्छता उपायों के मामले में वंचित ही देखे जाते हैं। बड़ी आबादी को पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं है, इसलिए नहाने-धोने, साफ-सफाई के मामले में लापरवाह देखे जाते हैं। उन इलाकों में जब संक्रामक रोग फैलते हैं, तो संभालना मुश्किल हो जाता है। यह अकारण नहीं है कि संक्रामक रोगों से ज्यादातर शिशु मृत्यु ऐसे ही इलाकों में होती है, जहां स्वच्छता की कमी है। लांसेट के ताजा अध्ययन पर सरकारें कितनी गंभीरता से ध्यान देंगी, देखने की बात है।

# शहरों में प्रचंड तापमान का संकट

श्रीमद्भागवत पुराण के अनुसार तेज गर्मी या प्रलय आने पर सांवर्तक सूर्य अपनी प्रचंड किरणों से पृथ्वी, प्राणी के शरीर, समुद्र और जल के अन्य स्रोतों से रस यानी नमी खींचकर सोख लेता है। नतीजतन उम्मीद से ज्यादा तापमान बढ़ता है, जो गर्म हवाएं चलने का कारण बनता है। यही हवाएं लू कहलाती हैं। परंतु अब यही हवाएं देश के पचास से ज्यादा शहरों को 'ऊष्मा-द्वीप' (हीट आइलैंड) में बदल रही हैं। राजस्थान, गुजरात, पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, हिमाचल प्रदेश और मध्यप्रदेश में पारा 43 से 47 डिग्री के बीच बना हुआ है। राजस्थान के बाड़मेर में दिन का तापमान 48 डिग्री और हिमालय की शीतल घाटी कश्मीर में गरम हवाओं के चलते तापमान 34 डिग्री तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने अगले कुछ और दिन यही तापमान बने रहने की घोषणा कर दी है। आमतौर से गरम हवाएं तीन से आठ तीन चलती हैं और एक-दो दिन में बारिश हो जाने से तीन-चार दिन राहत रहती थी, लेकिन इस बार गरम हवाएं चलने की निरंतरता बनी हुई है। जिसने कई शहरों को ऊष्मा-द्वीप में बदलकर रहने लायक नहीं रहने दिया है। इसके प्रमुख कारणों में शहरीकरण का बढ़ना और हरियाली का क्षेत्र घटना माना जा रहा है। ज्यादातर उष्मा-द्वीप घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्रों में आमद दर्ज करा रहे हैं। ऐसे इलाकों में बाहरी क्षेत्रों की तुलना में अधिक तापमान का सामना करना पड़ता है। ऊंची इमारतें, सीसी की सड़के, पैदलपथ और अन्य बुनियादी ढांचागत विकास इसके लिए दोषी हैं। यह विकास जल निकायों जैसे प्राकृतिक परिदृश्यों की तुलना में सूर्य की गर्मी को अधिक अवशोषित कर, फिर इस गर्मी का उत्सर्जन करते हैं। ऐसे में हरियाली कम होने के कारण ये उच्च्व ताप वाले क्षेत्र उष्मा-द्वीप में परिवर्तित हो जाते हैं। इन क्षेत्रों में दिन का तापमान लगभग 1-7 डिग्री और रात्रि का तापमान लगभग 2-5 डिग्री तक बढ़ जाता है। इस तापमान के बढ़ने के कारणों में कारों और अन्य वाहनों का दिन-रात आग उगलते रहना भी माना जा रहा है। एसी और फ्रिज भी निरंतर कार्बनडाइ ऑक्साइड उगल रहे हैं। वैसे सामान्य स्थिति में द्वीप का अर्थ समुद्री या नदी-घाटियों में पानी से घिरे उस ऊंचे स्थल से लिया जाता है, जिसके चारों ओर जल भरा होता है। लेकिन अब उष्मा-द्वीप वह शहरी इलाके कहलाने लगे हैं, जो बड़े तापमान से झुलझ रहे हैं। सीएसई ने देश में अलग-अलग जलवायु वाले नौ शहरों के अध्ययन में पाया कि जयपुर जैसे शहर में ज्यादा तापमान वाले दिनों में शहर का 99.52 प्रतिशत हिस्सा गर्म हवाओं के केंद्र में आकर ऊष्मा-द्वीप बन जाता है। सतत आवास कार्यक्रम (सस्टेनेबल हैबिटैट प्रोग्राम) के निदेषक रजनी सरीन का कहना है कि हीट सेंटर उस क्षेत्र को कहते हैं जहां जमीनी सतह का तापमान (एलएसटी) छह साल या उससे अधिक समय में बार-बार मैदानी इलाकों में 45 डिग्री से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। महानगरों में हरियाली और जल-संरचनाओं का क्षेत्र कम होने से हीट सेंटर का विस्तार हो रहा है। खासतौर से शहरों में जो तत्व हरियाली और अद्रता बनाए रखते थे, जिनमें तालाब, नदी-झीलें शामिल हैं का अस्तित्व सिमटता जा रहा है। यह जलभराव गर्मी से बचाव करता था। इनके सिमटने से शहरों में और शहरों के आस-पास बंजर भूमि और ईंट, सीमेंट, कंक्रीट के जंगल बढ़ते जा रहे हैं। जो गर्मी



बढ़ाने का काम कर रहे हैं। सीएसई ने नागपुर, अहमदाबाद, चेन्नई, पुणे, जयपुर, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता और भुवनेश्वर में यह सर्वेक्षण किया है। लेकिन जिन शहरों में इस नजरिए से सर्वे नहीं हो पाया है, वे भी ऐसे ही हालातों के शिकार हो सकते है ? मानव निर्मित प्रदूषण से जुड़ी इस आपदा के कारणों में आधुनिक विकास और बढ़ता शहरीकरण है। इन्हीं कारणों से हवाएं आवारा होकर लू का रूप लेने लगी हैं। लेकिन हवाएं भी भला आवारा होती हैं ? वे तेज ,गर्म व् प्रचंड होती हैं। जब प्रचंड से प्रचंडतम होती हैं तो अपने प्रवाह में समुद्री तूफान और आंधी बन जाती हैं। सुनामी जैसे तूफान इन्हीं आवारा हवाओं के दुष्परिणाम हैं। अमेरिका के नेशनल ओसियानिक एंड एटमॉसफेरिक एडमिनिस्ट्रेशन की रिपोर्ट के अनुसार भारत ही नहीं दक्षिण एशिया के कई देश गरम हवाओं से जूझ रहे हैं। इन देशों में गरम हवाएं चलने की आशंका 45 गुना बढ़ गई है। इन देशों में भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश और म्यांमार शामिल है। वियतनाम में तो हालात इतने बद्तर हो गए हैं कि गर्मी की वजह से कई तालाब पूरी तरह सूख गए हैं और लाखों टन मछलियां मर गई हैं। सरकार ने लोगों को घरों में रहने की हिदायत दी है। पश्चिम एशिया के देश सीरिया, इजराइल, फिलिस्तीन, जॉर्डन और लैबनान में गरम हवाएं पांच गुना बढ़ सकती हैं। एशिया में घातक गरम हवाएं लगातार चलने का यह तीसरा वर्ष है। इसकी एक वजह अलनीनो भी मानी जा रही है। प्रशांत महासागर से आने वाली गरम हवाओं की वजह से दुनिया में गरम हवाएं चल रही हैं। अभी हाल ही में अमेरिका के आयोबा राज्य में गरम हवाओं के तूफान से ग्रीन फील्ड नगर में कई मौतें हो गई हैं। इस बवंडर ने शहर के एक बहुत बड़े हिस्सों को पूरी तरह तबाह कर दिया है। आजकल आवारा पूंजी की तरह हवाएं भी आवारा होकर भारत के एक बड़े भू-भाग में मचल रही हैं। तापमान 40 से 50 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया है, जो लोगों को पस्त कर रहा है। अतएव हरेक जुबान पर प्रचंड धूप और गर्मी जैसे बोल आमफहम हो गए हैं। हालांकि लू और प्रचंड गर्मी के बीच भी एक अंतर होता है। गर्मी के मौसम में ऐसे क्षेत्र जहां तापमान, औसत तापमान से कहीं ज्यादा हो और पांच दिन तक यही स्थिति यथावत बनी रहे तो इसे 'लू' कहने लगते हैं। मौसम की इस असहनीय विलक्षण दशा में नमी भी समाहित हो जाती है। यही सर्द-गर्म थपेड़े लू की पीड़ा और रोग का कारण बन जाते हैं। किसी भी क्षेत्र का औसत तापमान, किस मौसम में कितना होगा, इसकी गणना एवं मूल्यांकन पिछले 30 साल के आंकड़ो के आधार पर की जाती है। वायुमंडल में गर्म हवाएं आमतौर से क्षेत्र विशेष में अधिक दबाव की वजह से उत्पन्न होती हैं। वैसे तेज गर्मी और लू पर्यावरण और बारिश के लिए अच्छी होती हैं। अच्छा मानसून इन्हीं आवारा हवाओं का पर्याय माना जाता है, क्योंकि तपिश और बारिश में गहरा अंतर्संबंध है। हवाएं गर्म या आवारा हो जाने का प्रमुख कारण ऋतुचक्र का उलटफेर और भूतापीकरण (ग्लोबल वार्मिंग) का औसत से ज्यादा बढ़ना है। इसीलिए वैज्ञानिक दावा कर रहे हैं कि इस बार प्रलय धरती से नहीं आकाशीय गर्मी से आएगी। आकाश को हम निरीह और खोखला मानते हैं, किंतु वास्तव में यह खोखला है नहीं। भारतीय दर्शन में इसे पांचवां तत्व यूं ही नहीं माना गया है। सच्चाई है कि यदि परमात्मा ने आकाश तत्व की उत्पत्ति नहीं की होती, तो संभवत: आज हमारा अस्तित्व ही नहीं होता। हम श्वास भी नहीं ले पाते। पृथ्वी, जल, अग्नि और वायु ये चारों तत्व आकाश से ऊर्जा लेकर ही क्रियाशील रहते हैं। ये सभी तत्व परस्पर परावलंबी हैं। यानी किसी एक तत्व का वजूद क्षीण होगा तो अन्य को भी छीजने की इसी अवस्था से गुजरना होगा। प्रत्येक प्राणी के शरीर में आंतरिक स्फूर्ति एवं प्रसन्नता की अनुभूति आकाश तत्व से ही संभव होती है, इसलिए इसे बह्मतत्व भी कहा गया है। अतएव प्रकृति के संरक्षण के लिए सुख के भौतिकवादी उपकरणों से मुक्ति की जरूरत है। क्योंकि हम देख रहे हैं कि कुछ एकाधिकारवादी देश एवं बहुराश्ट्रीय कंपनियां भूमंडलीकरण का मुखौटा लगाकर ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन से दुनिया की छत यानी ओजोन परत में छेद को चौड़ा करने में लगे हैं। यह छेद जितना विस्तृत होगा वैश्विक तापमान उसी अनुपात में अनियंत्रित व असंतुलित होगा। नतीजतन केवल हवाएं ही आवारा नहीं होंगी ,प्रकृति के अन्य तत्व मचलने लग जाएंगे। जलवायु परिवर्तन के कारण प्राकृतिक आपदाओं की आवृत्ति भी बढ़ रही है और जलीय स्रोतों पर दोहन का दबाव बढ़ता जा रहा है। ऐसी विपरीत परिस्थितियों में प्रकृति से उत्पन्न कठिन हालातों के साथ जीवनयापन की आदत डालनी होगी तथा पर्यावरण संरक्षण पर गंभीरता से ध्यान देना होगा। धूप और लू के इस जानलेवा संयोग से कोई व्यक्ति पीड़ित हो जाता है, तो उसके लू उतारने के इंतजाम भी किए जाते हैं। दरअसल लू सीधे दिमागी गर्मी को बढ़ा देती है। अतएव इसे समय रहते ठंडा नहीं किया तो यह बिगडा अनुपात व्यक्ति को बौरा भी सकता है। वैसे शरीर में प्राकृतिक रूप से तापमान को नियंत्रित करने का काम मस्तिश्क में 'हाइपोथैलेमस' अर्थात 'अधश्चेतक' क्षेत्र करता है। इसका सबसे महत्वपूर्ण कार्य पीयूष ग्रंथि के माध्यम से तंत्रिका तंत्र को अंत:स्रावी प्रक्रिया के माध्यम से तापमान को संतुलित बनाए रखना होता है। इसे चिकित्सा शास्त्र की भाषा में हाइपरपीरेक्सिया कहते हैं। यानी शरीर के तापमान में असमान वृद्धि या अधिकतम बुखार का बढ़ जाना। इसकी चपेट में बच्चे और बुजुर्ग आसानी से आ जाते हैं।बाहरी तापमान जब शरीर के भीतरी तापमान को बढ़ा देता है, तो हाइपोथैलेमस तापमान को संतुलित बनाए रखने का काम नहीं कर पाता। नतीजतन शरीर के भीतर बढ़ गई अनावश्यक गर्मी बाहर नहीं निकल पाती है, जो शरीर में लू का कारण बन जाती है। इस स्थिति में शरीर में कई जगह प्रोटीन जमने लगता है और शरीर के कई अंग एक साथ निष्क्रियता की स्थिति में आने लग जाते हैं। ऐसा शरीर में पानी की कमी यानी डी-हाईड्रेशन के कारण भी होता है। दोनों ही स्थितियां जानलेवा होती है। इस स्थिति के निर्माण हो जाने पर बुखार उतारने वाली साधारण गोलियां काम नहीं करती हैं। क्योंकि ये दवाएं दिमाग में मौजूद हाइपोथैलेमस को ही अपने प्रभाव में लेकर तापमान को नियंत्रित करती हैं। जबकि लू में यह स्वयं शिथिल होने लग जाता है। ऐसे में यदि पानी कम पीते हैं तो हालात और बिगड़ सकती है, इसलिए पानी और अन्य तरल पदार्थ ज्यादा पीने की जरूरत बढ़ जाती है। रोग-प्रतिरोधात्मक क्षमता बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थों का सेवन लू को नियंत्रित करता है। लू लगे ही नहीं इसके लिए जरूरी है कि गर्मी के संपर्क से बचें और हल्के रंग के सूती कपड़े या खादी के वस्त्र पहने। सिर पर स्वाफी (तौलिया) बांध लें और छाते का उपयोग करें। आम का पना, मट्ठा, लस्सी, शरबत जैसे तरल पेय और सत्तू का सेवन लू से बचाव करने वाले हैं। ग्लूकोज और नींबू पानी भी ले सकते हैं।

**-प्रमोद भार्गव, साहित्यकार एवं वरिष्ठ पत्रकार हैं।**

## एम्स में नर्सिंग स्टाफ ने की दो डॉक्टरों के निलंबन की मांग

ऋषिकेश। एम्स प्रशासन की मुसीबतें कम नहीं हो रही हैं। रेजीडेंट डॉक्टरों की हड़ताल समाप्त होने के बाद अब नर्सिंग स्टाफ ने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया है। नर्सिंग स्टाफ ने दो चिकित्सकों पर उनके लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। नर्सिंग स्टाफ ने चेतावनी दी है कि यदि दो चिकित्सकों का निलंबन नहीं किया गया तो शनिवार को (आज) सुबह 8 बजे से इमरजेंसी व ट्रामा सेवाओं के अलावा अन्य सेवाओं का बहिष्कार किया जाएगा। शुक्रवार को एम्स के नर्सिंग स्टाफ ने डीन एकेडमिक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन शुरू किया। नर्सिंग स्टाफ का कहना था कि वह आरोपी के समर्थन में आंदोलन नहीं कर रहे हैं और न ही उन्होंने कोई कार्य बहिष्कार किया है। बताया कि धरने पर वह स्टाफ बैठा है जिसकी आज ड्यूटी नहीं है। धरना के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावित नहीं किया गया है। नर्सिंग स्टाफ ने कहा कि महिला चिकित्सक से छेड़खानी मामले में उनके एक डीएनएस और एनएस का नाम बेवजह फंसाया जा रहा है जबकि हकीकत यह है कि घटना की जानकारी प्रशासन को एएनएस ने ही दी थी। कहा कि चिकित्सक उस एएनएस पर आरोपी को बचाने के लिए ओटी दस्तावेजों से छेड़छाड़ का आरोप लगा रहे हैं जो कि बेबुनियाद है। नर्सिंग स्टाफ ने दो चिकित्सकों पर उनके उप नर्सिंग अधीक्षक (डीएनएस) के लिए अभद्र भाषा का उपयोग किए जाने का आरोप लगाया। नर्सिंग स्टाफ ने कहा कि उनकी मांग है कि अभद्र भाषा बोलने वाले चिकित्सकों को तत्काल निलंबित किया जाए।

## अनियंत्रित होकर खाई में गिरी पर्यटकों की कार

नैनीताल। पहाड़ों पर आये दिन सड़क हादसे हो रहे है। ज्योलीकोट- शुक्रवार को नैनीताल-हल्द्वानी हाईवे में नैनीताल से हल्द्वानी की ओर जा रही पर्यटकों से भरी कार अनियंत्रित होकर 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में 12 लोग घायल बताए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार हल्द्वानी की ओर जा रही पर्यटकों से भरी महेंद्र एसयूवी कार अनियंत्रित होकर दो गांव से पहले सौ मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के दौरान वाहन में 12 लोग सवार थे। सभी लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। वाहन में सवार सभी लोग अयोध्या निवासी बताए जा रहे हैं। सूचना पाकर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को खाई से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया है।

### सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम प्रोवश हाजरा (PROVASH HAZRA) से बदलकर अब प्रभाष हाजरा (PRABHASH HAZRA) कर लिया है, अत: भविष्य में मुझे प्रभाष हाजरा (PRABHASH HAZRA) के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

प्रभाष हाजरा पुत्र श्री नीलकमल हाजरा निवासी-1348, जगतपुरा, तहसील-रूद्रपुर, जिला-उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

## युवक को घर से बाहर बुलाकर किया जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। इंदिरा कालोनी में कुछ लोगों ने युवक को घर के बाहर बुलाकर उस पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया।



मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। रोहित सैनी पुत्र राजपाल सैनी निवासी इंद्रा कॉलोनी गली नंबर एक का कहना है कि उसके पास एक युवक फोन कर धमकी देता देते हुए कहता है बाहर आकर मिल। जब वह नहीं मिला तो उसके छोटा भाई मोहित को उसने घर के बाहर पकड़ लिया और अपने साथियों के साथ मिलकर भाई को बहुत बेहरहमी से पीटा। उससे कहा तेरेभाई रोहित सैनी को भी मारेंगे। रोहित का आरोप है कि उस बहाने से घर के बाहर बुलाया। जहां पहले से मौजूद चार लोगों ने उसे बेहरहमी से मारापीटा। उस पर धार धार हथियारो से वार किया और जान से मारने की कोशिश की। वह मुश्किल से अपनी जान बचा कर भागा। अभी भी उन लोगो के फोन आ रहे है और जान से मारने की धमकी दे रहे है।

## कोलकाता हाईकोर्ट का फैसला सराहनीय: राठौर

किच्छा (उद संवाददाता)। कोलकाता उच्च न्यायालय द्वारा मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग आरक्षण रद्द किए जाने के अलावा बंगाल में 2010 से जो सर्टिफिकेट बने हैं उसको भी रद्द किए जाने के फैसले का भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीकांत राठौर एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है। भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीकांत राठौर ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि कोलकाता उच्च न्यायालय का फैसला मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग आरक्षण रद्द कर दिए जाने के अलावा बंगाल राज्य में सरकारी स्तर से 2010 से जो सर्टिफिकेट बने हैं उसको भी रद्द किए जाने के फैसले पर भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. के.लक्ष्मण सांसद राज्यसभा के निर्देश पर शनिवार को प्रदेश एवं जिला स्तर पर फैसले का स्वागत करते हुए हर्ष जताने के क्रम में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें भाजपा ओबीसी मोर्चा समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा समर्थन मौजूद रहेंगे।



# 30 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय ट्रायल के लिए चयन



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के तत्वावधान में अंडर 16 बालक वर्ग के चयनित खिलाड़ियों की लिस्ट जारी कर दी गई है। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर के जिला अध्यक्ष तिवारी ने बताया है कि जिले से चयनित खिलाड़ी सी.ए.यू. के द्वारा 28 मई से 30 मई 2024 को हेरिटेज क्रिकेट एकेडमी, हेरिटेज स्कूल नॉर्थ कैंपस सहस्त्रधारा रोड, देहरादून में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय ट्रायल में प्रतिभाग करेंगे। जिले से 30 खिलाड़ियों के साथ 6 स्टैंडबाई खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिनके सूची इस प्रकार हैं - अभिमन्यु कांडपाल, प्रिंस गोसाई मेहुल चौधरी, वंश सक्सेना, अभिनव बघेल ,अनहद सिंह संधू, रोहन बिष्ट, युवराज सिंह बोरा, हार्दिक अरोड़ा, नमन रावत, हरमीत सिंह ,अंशु राहा ,अनुराग राज ,कृष्ण पोद्दार ,उज्जवल सिंह, मयंक कुमार गौतम ,जीवांश यादव ,आदर्श यादव, हार्दिक अरोड़ा ,संस्कार श्रीवास्तव ,गौरव भट्ट, प्रथम कालरा, सचिन सकलानी विवान बिष्ट ,अभय कुमार ,विराज सागर, हार्दिक ग्रोवर ,इकशित सती, आशुतोष सागर, कुणाल ठुकराल को शामिल किया गया है अतिरिक्त खिलाड़ी के रूप में अर्णव त्यागी, दीपक साहू, अभिषेक विश्वास, रुद्राक्ष भंडारी, शौर्य ,दिव्यांशु बिष्ट को रखा गया है।

# सौरभ मिस्टर फ्रेशर एवं अलीशा मिस फ्रेशर बनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।प्रीत विहार स्थित श्री गुरूनानक डिग्री कॉलेज के चार साहिबजादे हाल में बी0एड0 के छात्रों का फ्रेशर कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में टैंलेंट हंट एवं प्रश्नोत्तर में छात्राओं ने प्रतिभाग किया । साथ ही छात्रा प्रज्ञा, मुस्कान फिरदौस, रिया गोयल के द्वारा अपने अनुभव को साझा किया। कार्यक्रम में सहायक प्रवक्ता गौरव मिश्रा के द्वारा किया गया । कार्यक्रम के समन्वयक सहायक प्रवक्ता गौरव मिश्रा एवं प्रकाश सिंह अधिकारी रहे । इस अवसर पर संजय कुमार, डॉ0 नवनीत कौर, डॉ0 नाजिया बानो, डॉ0 रूपाली



सर्वप्रथम छात्रा शीतल अरोडा ग्रुप के द्वारा नवआगंतुक छात्र-छात्राओं के लिए स्वागत गीत गाये गये । तत्पश्चात संस्था के कोषाध्यक्ष स0 किरनदीप सिंह विर्क एवं उप प्राचार्य डॉ0 अखिलेश सिंह ने नव प्रवेषित छात्रों का स्वागत करते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इसके पश्चात कार्यक्रम में रैम्प वाक, ने अपने विचार रखे । अंत में विभागाध्यक्ष बी0एड0 डॉ0 नीरज कुमार जायसवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया । फ्रेशर के इस कार्यक्रम में छात्र सौरभ यादव को मिस्टर फ्रेशर एव छात्रा अलीषा अली को मिस फ्रेशर चुना गया । कार्यक्रम का संचालन रिया गोयल, प्रज्ञा श्रीमाली एवं राहुल तिवारी सक्सेना, श्रीमती असमीत कौर सेठी, श्रीमती प्रिया गुप्ता, डॉ0 फरजीन बानो, संदीप त्रिपाठी, श्रीमती मीनाक्षी रावत, अदिति, श्रीमती सुरभी, श्रीमती एकता, अखिलेश खरे, परमजीत सिंह, श्रीमती सर्वजीत कौर, अनुज, राधेष्याम, दुर्गेश कुमार, श्रीमती कल्पना, परमानन्द एवं काफी संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

# प्राचीन बोरिंग का अस्तिव खत्म कर अब हैंडपंप बुझाएगा प्यास

सितारगंज (उद संवाददाता)। भूजल की समस्या के कारण कई पीढ़ियों से आमजन, व्यापारियों की प्यास बुझाने वाले बोरिंग का अस्तित्व खत्म होने की कगार पर है। बोरिंग के स्थान पर हैंडपंप लगाने की तैयारी शुरू हो गई हैं। जल निगम के कर्मचारियों ने इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है। शहर के मुख्य चौराहे पर स्थित प्राचीन बोरिंग भूजल संकट के कारण सूख गया है। जबकि सदियों से प्राचीन बोरिंग आसपास के लोगों और व्यापारियों की प्यास बुझाता आ रहा था। जल दोहन और भीषण गर्मी के कारण बोरिंग में पानी आना बंद हो गया है। जल निगम ने प्रशासन के निर्देश पर बोरिंग के स्थान पर हैंडपंप लगाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके बाद प्राचीन बोरिंग का अस्तित्व 2024 में खत्म हो जाएगा। बोरिंग की जगह हैंडपंप आमजन और व्यापारियों की प्यास बुझाएगा। जल निगम के फील्ड कर्मचारियों गोपाल दास जोशी ने बताया कि एसडीएम के निर्देश पर जल निगम के अधिशासी अभियंता ने सूख चुके बोरिंग के स्थान पर हैंडपंप लगाने की योजना पर काम शुरू किया है।

# आरएएन स्कूल के शिक्षकों ने टॉपर्स छात्रों को घर जाकर किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर.ए. एन. पब्लिक स्कूल के शिक्षक हर वर्ष की भांति इस बार भी सीबीएसई बोर्ड में स्कूल में सर्वोत्तम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के घर गए। इस दौरान उन्होंने टॉपर्स विद्यार्थियों और उनके माता पिता को बधाई देने के साथ ही मेधावियों को सम्मानित भी किया। शिक्षकों ने छात्रों के साथ साथ उनके अभिभावकों की मेहनत और समर्पण की भी सरहाना की। शिक्षकों ने सभी टॉपर्स और उनके परिवार के साथ खुशी के क्षण साझा किये एवं इन पलों को यादगार और प्रेरणादायक बनाया। इस दौरा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# युवती से छेड़छाड़ ,जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भूरारानी क्षेत्र में युवती से छेड़छाड़ का विरोध करने पर कुछ युवकों ने परिजनों पर जानलेवा हमलार उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। परिजनों का कहना है कि कुछ दिनो से भूरारानी निवासी युवक व उसके साथी रास्ते आते जाते वक्त उसकी का पीछा करते रहते थें। कई बार समझाया गया पर वो लोग नही मानें। जिस पर गत रात्रि 8:30 बजे मामले की शिकायत करने युवक व उसके साथियो के घर पर गये। जहां युवक उन्हें धमकाते हुए अपने साथियो को फोन किया जो एक राय होकर आये और परिजनों पर धारदार हाथियार से जान लेवा हमला कर दिया। जिससे परिजनों गंभीर चोटें आई। युवक व उसके साथी जाते जाते जान से मारने की धमकी देकर गये हैं।







# नगर पंचायत चुनाव के लिए भाजपा मण्डल अध्यक्ष के समक्ष पेश की दावेदारी

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। नगर पंचायत चुनाव के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं ने मण्डल अध्यक्ष विष्णुपद प्रमाणिक के समक्ष अपनी दावेदारी पेश की। नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिये पांच पुरुषों सहित दो महिलाओं ने दावादारी पेश की जिसमें सुनील विश्वास, अशोक मण्डल, विश्वजीत हालदार,उत्तम दास,रवि मजूमदार, रंजीता मण्डल, लीलिमा मजुमदार है। नगर पंचायत के सातों वार्ड से कुल 16 लोगो ने दावेदारी की जिसमे 13 पुरुष व 3 महिलाये हैं।सभासद प्रत्याशी मे वार्ड नंबर 1 से कार्तिक सुतार,गोविंद मण्डल, मनोज सुतार, वार्ड नंबर 2 से उपेंद्र सिंह,विश्वजीत विश्वास, वार्ड नंबर 3 से विक्रम सिंह भंडारी,मुकेश रावत, वार्ड नंबर 4 से गोविन्द पोखरिया,वार्ड नंबर 5 से सुवीर सरकार,भारती सरकार, वार्ड नंबर 6 से गोविन्द सरकार परेश मण्डल, वार्ड नंबर 7 से देवशीष पोद्दार,पवित्र मण्डल, शीला पोद्दार,मीरा मण्डल ने दावेदारी पेश की। भारतीय जनता पार्टी के शक्तिफार्म इकाई मण्डल अध्यक्ष विष्णुपद प्रमाणिक ने बताया की आज दावेदारी करने का अंतिम दिन है,सभी दावेदारों की लिस्ट पार्टी हाईकमान को भेज दिया जायेगा। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि कार्तिक रॉय,मण्डल अध्यक्ष विष्णुपद प्रमाणिक,विजय वागला,संजय बछाड़ के पी मण्डल, दीपक कालरा, मयंक अग्रवाल,राघव सिंह,प्रधान राजा हालदार,मनोज सरकार आदि मौजूद थे।



# एसएम स्कूल में बच्चों के नीट, आईआईटी जेईई के सपने होंगे साकार

सितारगंज (उद संवाददाता)। अनअकैडमी देहरादून के प्रबंधक नवनीत पांडे ने शहर के एसएम पब्लिक स्कूल में कैरियर सेमिनार का आयोजन किया। जिसमें क्षेत्र के सभी अभिभावकों को आमंत्रित किया गया था। इस दौरान अनअकैडमी की तरफ से मिलने वाली सेवाओं के बारे में अभिभावकों को समझाया गया। क्षेत्र में पहली बार इस तरह का कार्यक्रम किया गया था। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के उन बच्चों को उच्च शिक्षा देने का एक निश्चय है जो किसी कारण वश अपने सपनों को साकार नहीं कर पाते। उनके लिए अनअकैडमी की तरफ से एसएम पब्लिक स्कूल कैंपस में छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा दी जानी है। इसमें नीट यूजी और आईआईटी जे ई ई, यूपी एससी आदि परीक्षाओं की गुणवत्ता पर आधारित उच्च शिक्षा प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक भुवन चंद्र भट्ट और अनअकैडमी के प्रबंधक नवनीत पांडे द्वारा मां शारदा की पूजा अर्चना के साथ किया गया। साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर मनिंदर सिंह गुलाटी द्वारा अनअकैडमी के द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से समझया गया। इस अवसर परविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।



## पेज एक का शेष...

**तो खत्म हो चुका है ...**आहिस्ता-आहिस्ता कम होती चली गई ।हालांकि वर्तमान व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के पहले कार्यकाल के आरंभिक दौर में भी व्यापार मंडल में काफी दमखम देखने को मिला और व्यापार मंडल ने व्यापारिक हितों को लेकर कई आंदोलन प्रदर्शन किए, लेकिन उनका दूसरा कार्यकाल आने तक व्यापार मंडल के आंदोलन- प्रदर्शन की धार धीरे-धीरे मंद पड़ गई और व्यापार मंडल के आंदोलन- प्रदर्शन में पहले वाला दमखम दिखाई देना बंद हो गया साथ ही व्यापार मंडल की धमक भी खत्म हो गई। शायद यही कारण है कि लोहिया मार्केट खाली कराने के वक्त और विस्थापित व्यवसाईयों के पुनर्वास कि दिशा में व्यापार मंडल आज तक कुछ खास नहीं कर सका और वर्तमान में तो व्यापार मंडल की दशा दिशा और भी सोचनीय नजर आने लगी है। बीते रोज व्यापारियों के बंद के आह्वान के दौरान बाजार क्षेत्र के अनेक हिस्सों में दुकानों का खुला रहना, रुद्रपुर व्यापार जगत के लिए कोई अच्छा लक्षण कतई नहीं है। रुद्रपुर के व्यापार जगत को चाहिए कि वह अपनी पहले वाली ताकत को दोबारा हासिल करने की कवायद अति शीघ्र आरंभ करें ।अन्यथा ऐसे प्रतीकात्मक एवं प्रभावहीन आंदोलन- प्रदर्शन के सहारे रुद्रपुर के व्यापारिक हितों की रक्षा मुश्किल होगी।

**सौरभ गावा की कोठी...** राव, हिमांशु गाबा, योगेश चौहान, मनोज मदान, मानस जायसवाल, राजन राठौर, अशोक गुम्बर, सुनील ठुकराल, सचिन गंभीर, चेतन खनीजो, मोनू गाबा, रवि सिडाना, सोनू अनेजा सहित तमाम व्यापारी मौजूद थे।

# विधायक शिव कल मेधावी छात्र छात्राओं को करेंगे सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वर्ष 2023-24 मे सीबीएससी व उत्तराखंड बोर्ड के दसवीं व बारवी कक्षा मे अपने अपने स्कूलों मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं के सम्मान मे रुद्रपुर विधायक व कार्यक्रम सयोंजक शिव अरोरा द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम कल 26 मई, दिन रविवार को सुबह 10 बजे रुद्रा होटल मे अयोजित किया जा रहा है। विधायक अरोरा ने कहा यह रुद्रपुर क्षेत्र मे यह एक अनूठी पहल है जो रुद्रपुर क्षेत्र मे अपने आप मे होनहार बच्चों के ।उत्साहवर्धन के लिए बेहतर पहल होंगी, जिसमे हम रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के 62 स्कूलों के दसवीं व बारवी के टॉप तीन छात्र छात्राओं को स्मृति चिन्ह व उनके स्कूल मे बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रणाम पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। जिसमे 350 से ऊपर छात्र- छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा, साथ हीं स्कूली बच्चों द्वारा धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगा रंग प्रस्तुति की जायेगी। विधायक शिव अरोरा ने कहा निश्चित रुप से यह कार्यक्रम उनके उज्वल भविष्य हेतु शुभकामनायें व उनको अपने जीवन मे प्रेरणा देने का कार्य करेगा। कार्यक्रम मे स्कूली बच्चे व उनके माता पिता भी शामिल होंगे।



# बुक सेलर ने स्कूल में की संचालिका से छेड़छाड़

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक बुक सेलर द्वारा स्कूल में जाकर संचालिका से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। ट्रांजिट कैंप निवासी पीड़िता का कहना है कि वह एक निजी स्कूल का संचालन करती है। स्कूल के लिए कोपी व अन्य सामग्री एक बुक सेलर से लेती है। लगभग 10 दिन पहले बुक सेलर स्कूल के ओफिस में कोपी देने आया और कहने लगा मैडम आप के पति बाहर रहते और उसकी पत्नी बिमार रहती है चलो दोनो हल्द्वानी घूमने चलते है वहां शोपिंग कराऊँगा, उसके बाद होटल में चलेगे। पीड़िता का आरोप है बुक सेलर ने उसके कन्धे पर हाथ रख दिया। जब उसने इस बात विरोध तो वह धमकी देने लगा कि तुम मेरा कुछ नही कर सकती हो तेरा पति बाहर रहता हैं और पुलिस में सभी लोगे जानने वाले है। उसके पति घर आये तो उन्हें सारी बात बताई। पति जब बुक सेलर की दुकान बात करने गए तो उसने गाली गलौच करते हुए मार पीट करने लगा।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# रंग लाई सीएम धामी की मेहनत, सुगम होगी यात्रा

## रीठा साहिब बाईपास मार्ग प्रारंभ, 80 किमी सफर हुआ कम, दो घंटे कम लगेगा समय

■ नरेश जोशी

टनकपुर। देश ही नही बल्कि विदेशों में भी सिखों की आस्था का केंद्र माने जाने वाले उत्तरी भारत के सुप्रसिद्ध गुरुद्वारा रीठा साहिब में वार्षिक जोड़ मेला गुरु ग्रंथ साहब के अखंड पाठ के महाभोग और अरदास के साथ संपन्न हो चुका है। गुरुद्वारा कमेटी से मिली जानकारी के अनुसार इस वार्षिक जोड़ मेला में लगभग 60 हजार से अधिक लोगों ने शिरकत करते हुए गुरुद्वारे में मत्था टेका। गुरुद्वारा श्री रीठा साहब पहुंचने वाले श्रद्धालुओं में सर्वाधिक संख्या बाइक सवारों की थी । हजारों की संख्या में उत्तराखंड ही नहीं उत्तर प्रदेश से भी गुरुद्वारा श्री रीठा साहिब पहुंचे सिख ध र्म प्रेमियों को इस वर्ष प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक बड़ी राहत पहुंचाने का काम किया। आपको बता दें कि उत्तरी भारत के सुप्रसिद्ध गुरुद्वारा श्री रीठा साहिब को कुमाऊं के प्रवेश द्वार हल्द्वानी के





अलावा टनकपुर होते हुए चंपावत और लोहाघाट से होकर गुजरना पड़ता है। मिली जानकारी के अनुसार उधम सिंह नगर जनपद के अलावा उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों से हजारों श्रद्धालु टनकपुर से पहाड़ी मार्गों का लगभग 130 किलोमीटर का सफर तय कर गुरुद्वारा श्री रीठा साहब पहुंचते हैं। एक अनुमान के तहत यह सफर लगभग 3:30 घंटे से लेकर 4 घंटे में तय किया जाता है किंतु टनकपुर से लगभग 25 किलोमीटर दूर स्थित सुखी डांग से होकर एक अन्य पहाड़ी मार्ग भी गुरुद्वारा श्री रीठा साहिब को निकलता है। यह मार्ग पिछले कई वर्षों से बेहद खराब स्थिति में था। बताया जाता है कि यह मार्ग अगर दुरूस्त कर लिया जाए तो गुरुद्वारा श्री रीठा साहब का सफर लगभग 50 किमी कम हो जाएगा जिसके चलते सिख धर्म से जुड़े तमाम धर्म गुरुओं ने इस मार्ग को सुधारने के लिए उत्तराखंड सरकार से कई बार मांग की थी। क्योंकि मौजूदा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का गृह क्षेत्र खटीमा है और धामी गुरुद्वारा श्री रीठा साहब के इस शॉर्टकट मार्ग से वाकिफ थे । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुखी डांग होते हुए गुरुद्वारा श्री रीठा साहब को जाने वाले इस शॉर्टकट मार्ग को लेकर लोनिवि के अधिकारियों को सख्त हिदायत दे रखी थी कि गुरुद्वारा में आयोजित होने वाले 2024 के वार्षिक जोड़ मेले तक यह रोड प्रारंभ हो जानी चाहिए। जानकारी मिली है कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ चार अधिशासी अभियंता इस मार्ग को सुधारने में लग गए। बीते 21 मई को प्रारंभ हुई इस वार्षिक जोड़ मेले से पहले मार्ग का लगभग 80 प्रतिशत भाग तैयार कर लिया गया यही बड़ा कारण रहा कि चारपहिया वाहनों को छोड़ हजारों बाइक सवार इस मार्ग से होकर भी गुरुद्वारा श्री रीठा साहिब में माथा टेकने पहुंचे श्री रीठा साहिब पहुंचने वाले श्रद्धालुओं ने बताया कि अभी अधिकांश श्रद्धालुओं को सुखी डांग बायपास मार्ग की जानकारी नहीं है जिस कारण हजारों लोग चंपावत लोहाघाट होते हुए लगभग 130 किलोमीटर का सफर तय कर गुरुद्वारा श्री रीठा साहिब पहुंचे जानकारी मिलने वाले हजारों श्रद्धालुओं ने इस बाईपास मार्ग का प्रयोग कर लगभग 50 किमी सफर को बचाते हुए लगभग 2 घंटे का समय भी बचा लिया। लोगों ने मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी के इस कार्य की बेहद प्रशंसा की है। अनुमान लगाया जा रहा है कि अगले वर्ष तक इस मार्ग में दो पहिया वाहनों के अलावा चार पहिया वाहन भी जोड़ मेले में पहुंचेंगे।

# आयुर्वेदिक स्टोर पर स्वास्थ्य विभाग ने मारा छापा

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगर के एक आयुर्वेदिक स्टोर पर छापेमारी कर दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान दुकान में खामियों के साथ कुछ मानक के विपरित दवाईयां पाई गई। टीम ने दवाई के सैंपल लिए और दुकान स्वामी को मानक पूरी होने तक दुकान बंद रखने के निर्देश दिए। शुक्रवार को एसीएमओ डॉ डीपी सिंह, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ आलोक गुप्ता के नेत्तृव में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जाफरपुर मार्ग पर स्थित एक आयुर्वेदिक स्टोर पर छापेमारी की।अतिरिक्त प्रा० स्वा० केन्द्रव प्रभारी डॉ प्रदीप पाण्डे ने बताया की निरीक्षण



के दौरान दुकान में कुछ मानक के विपरित दवाईयां पाई गई। जिसकी वीडियोग्राफी कराई गई। दुकान के भीतर लगे बैनर आदि को हटा दिया गया। दुकान स्वामी को खामियों को तत्काल दुरुस्त करने और मानक पूरी होने तक दुकान बंद रखने के साथ नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए। एसीएमओ ने बताया काफी समय से इस दुकान की शिकायत मिल रही थी।

# फैक्ट्री के डिप्टी मैनेजर की हादसे में मौत

सितारगंज। सिडकुल की एक फैक्ट्री में डिप्टी मैनेजर की ड्यूटी के दौरान हुए हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। वार्ड नंबर दस, चंद कॉलोनी निवासी भैरव दत्त मेलकानी (54) पुत्र जयदत्त मेलकानी सिडकुल स्थित गाजियाबाद प्रीसीशन प्रा.लि. कंपनी में डिप्टी मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। बताया जा रहा है कि बृहस्पतिवार को ड्यूटी के दौरान फैक्ट्री में हाइड्रा मशीन का एक बड़ा हिस्सा टूटने से वह उसकी चपेट में आ गए जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। उन्हें रुद्रपुर स्थित एक निजी अस्पताल



में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिडकुल चौकी इंचार्ज प्रकाश भट्ट ने बताया कि गाजियाबाद प्रीसीशन प्रा.लि. कंपनी में एचआर डिपार्टमेंट के हिमांशु कुमार और सचिन मंडल ने भैरव दत्त मेलकानी की फैक्ट्री परिसर में मृत्यु की सूचना दी। परिजनों की ओर से मामले में अभी तक कोई लिखित सूचना नहीं दी गई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों ने बताया कि वह मूल रूप से खांकर, शहरफाटक अल्मोड़ा के रहने वाले थे। उनके परिवार में पत्नी व दो पुत्र हैं। बड़ा पुत्र कमल मेलकानी गाजियाबाद स्थित आईटी कंपनी में कार्यरत है। छोटा पुत्र अंकुर मेलकानी नोएडा स्थित निजी संस्थान से बीटेक की पढ़ाई कर रहा है।

# ओबीसी प्रमाण पत्र रद्द करने का कोलकाता हाई कोर्ट का निर्णय सही: कश्यप

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष नन्हे कश्यप ने पत्रकार वार्ता करते हुए कलकत्ता हाईकोर्ट द्वारा 22 मई को ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा जारी 5 लाख ओबीसी सर्टिफिकेट को रद्द करने के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने पश्चिम बंगाल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए विशेष समुदाय को राजनीतिक लाभ पहुंचाने के लिए ओबीसी सर्टिफिकेट जारी करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि कलकत्ता हाई कोर्ट ने 22 मई को एक आश्चर्यजनक कदम उठाते हुए, पश्चिम बंगाल में 2010 से राज्य सरकार की तरफ से जारी किए गए 5 लाख ओबीसी सर्टिफिकेट को रद कर दिया। हाई कोर्ट ने राज्य में नौकरियों और सेवाओं में इस तरह के आरक्षण को अवैध बताया। अदालत ने कहा कि इन समुदायों को ओबीसी घोषित करने के लिए वास्तव में धर्म ही एकमात्र मानदंड प्रतीत होता है। कोर्ट ने कहा, उसका मानना है कि मुसलमानों के 77 वर्गों को पिछड़ों के तौर पर चुना जाना पूरे मुस्लिम समुदाय का अपमान है। हाई कोर्ट ने कहा कि यह अदालत इस संदेह को अनदेखा नहीं कर सकती कि उक्त समुदाय (मुसलमानों) को राजनीतिक उद्देश्यों के लिए एक साधन माना गया। श्री कश्यप ने कहा पश्चिम बंगाल लोकसभा चुनाव के छठे



चरण में 25 मई को तामलुक, कांथी, घाटल, पुरुलिया, बांकुरा, बिष्णुपुर, झारग्राम और मेदिनीपुर निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होना है। उच्च न्यायालय के निर्णय के परिणाम मतदान के दिन महसूस किया जा सकता है। उन्होंने कहा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के ओबीसी दर्जा खत्म करने के कोलकाता हाई कोर्ट के आदेश को स्वीकार न करने वाला बयान उनकी तनाशाही जाहिर करता है। जिसको देश की जनता स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने पश्चिम बंगाल में भाजपा कार्यकर्ताओं पर लगातार हो रहे हमलों के लिए ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया है। राजनीतिक लाभ लेने की दृष्टि से वर्ष 2010 के बाद पश्चिम बंगाल में ओबीसी श्रेणी के तहत सूचीबद्ध व्यक्तियों की संख्या 5 लाख से ऊपर पहुंचाने का काम ममता बनर्जी ने किया है। कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले को ऐतिहासिक बताते हुए ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ने निर्णय का स्वागत कर कार्यकर्ताओं के बीच मिष्ठान वितरण किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष हरिमोहन अरोरा, भुवन भट्ट, रोहित पाल, मनोज वर्मा , महेश शाहू, आकाश समेत ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।


